आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 335 | उज्जैन, गुरुवार 18 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 14 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

“ आज
* गुरु घासीदास जयंती ”

## देश विदेश

### 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी नई ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की जगह एक नई योजना शुरू करने जा रही है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि नई योजना विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी बिल-2025 के तहत 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का लक्ष्य है। राज्यों को योजना को लागू करने के लिए छह महीने का समय दिया जाएगा। नई योजना में काम को चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका बुनियादी ढांचा और आपदा लचीलापन। सबसे बड़ा बदलाव वित्तीय जिम्मेदारी में है।

### गुजरात की तरह इथियोपिया भी शेरों की धरती : पीएम मोदी

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री मोदी ने इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह दुनिया की 18वीं संसद है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण दिया। मोदी ने कहा कि मुझे इथियोपिया आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह शेरों की धरती है। यहां मुझे अपने घर जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि मेरा गृहराज्य गुजरात भी शेरों की धरती है। इससे पहले इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने मंगलवार को मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया था। वे द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बने। इस मौके पर पीएम ने कहा कि ये सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। मोदी मंगलवार को ही इथियोपिया पहुंचे थे। यह उनका पहला दौरा है। पीएम अबी अहमद अली ने नेशलन पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक भी की।

### अक्षय खन्ना ने घर में कराया वास्तु शांति हवन



**धुरंधर की सफलता के बीच एक्टर के अलीबाग वाले बंगले में हुई पूजा**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना इन दिनों अपनी फिल्म धुरंधर को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में वह रहमान डकैत के किरदार में नजर आए। फिल्म में उनके डायलॉग्स, अंदाज और डांस स्टेप्स को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर ने दुनिया भर में करीब 600 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसी बीच अक्षय खन्ना ने अपने अलीबाग वाले घर में वास्तु शांति हवन कराया। बता दें कि फिल्म की शानदार सफलता के बाद भी अक्षय सोशल मीडिया और मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। इन दिनों वह अलीबाग में अपने घर पर शांत समय बिता रहे हैं। वहीं, अक्षय के घर पर हुए इस हवन का वीडियो पुजारी शिवम म्हात्रे ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो के साथ उन्होंने मराठी में लिखा कि उन्हें अक्षय खन्ना के घर पूजा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि अक्षय का शांत स्वभाव, सादगी और सकारात्मक सोच इस अनुभव को खास बनाती है। शिवम म्हात्रे ने अक्षय खन्ना की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा कि अक्षय खन्ना एक्टिंग में क्लास की पहचान हैं। छावा, धुरंधर, दृश्यम 2 और सेक्शन 375 जैसी फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस शानदार रही है। वह अपने किरदार सोच-समझकर चुनते हैं और हर फिल्म में दमदार अभिनय करते हैं। इसी वजह से अक्षय खन्ना दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। बता दें कि धुरंधर एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर. माधवन अहम भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा सारा अर्जुन, राकेश बेदी और दानिश पंडोर ने भी काम किया। फिल्म 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब धुरंधर का सीक्वल 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाला है।

### हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग पर कार-ट्रक टक्कर में चार लोगों की दर्दनाक मौत

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग पर मनसा देवी मंदिर के रेलवे फाटक के पास मंगलवार देर रात एक कार एवं ट्रक में टक्कर हो जाने से चार लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराकर उसके नीचे घुस गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक ने सड़क पर अचानक आए एक जानवर को बचाने के प्रयास में वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक से टकरा गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। क्रेन की मदद से कार को ट्रक से अलग किया गया और उसे काटकर शव बाहर निकाले गए।

### ट्रम्प ने 7 और देशों की नागरिकता प्रक्रिया रोकी, 15 देशों पर आंशिक बैन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को 7 और देशों के लोगों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से बैन लगा दिया। इसके साथ ही फिलिस्तीनियों पर भी रोक लगा दी। यह फैसला पिछले महीने व्हाइट हाउस के पास नेशनल गार्ड्स पर एक अफगान शरणार्थी की गोलीबारी के बाद लिया गया है। साथ ही 15 दूसरे देशों पर आंशिक बैन (स्थायी निवास पर रोक) लगाए गए हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को इसके लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। इससे अमेरिका आने पर पूर्ण या आंशिक यात्रा प्रतिबंध लगने वाले देशों की संख्या 39 हो गई। 19 देशों पर पहले से ही यात्रा पर प्रतिबंध लागू हैं। इनमें से 2 देश लाओस और सिएरा लियोन पर अब पूर्ण रोक लागू कर दी गई है।

## प्रस्तावित उज्जैन-इंदौर ग्रीन फिल्ड मार्ग को लेकर किसानों ने वाहन रैली निकाली

# दो पहिया वाहन रैली में आए किसान, एमपीआरडीसी गो बैक के नारे लगाए

**रोड नीचा, मुआवजा ऊंचा का ज्ञापन सौंपा एनएच के पंजीयन की मांग भी रखी**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



उज्जैन कस्बा एवं उज्जैन तहसील के 8 गांव के किसानों ने बुधवार को एमपीआरडीसी गो बैक के नारों एवं झंडे बैनरों के साथ दो पहिया वाहन रैली निकाली। करीब ढाई घंटे में रैली 8 गांव का भ्रमण करने के साथ कोठी पैलेस होते हुए सड़क विकास निगम के कार्यालय पहुंची। यहां इंदौर क्षेत्र के एमडी गगन भाभर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जमकर प्रस्तावित रोड का विरोध किया गया।

इंदौर से उज्जैन के लिए विशेष ग्रीन फिल्ड मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। बन रही इस रोड की लंबाई केवल 48 किलोमीटर है। योजना अनुसार ग्रीन फिल्ड मार्ग वर्तमान धरातल से करीब 2 मीटर से अधिक ऊंचा बनाया जाना है। इसमें इंदौर जिले के 21 एवं उज्जैन जिले की उज्जैन तहसील के 7 गांव एवं उज्जैन कस्बे का एक गांव की जमीन ली जा रही है। करीब 450 बीघा जमीन उज्जैन जिले की ही इसमें ली जाना है। 400 सर्वे नंबर एवं 280 किसानों की यह जमीन है। इस ग्रीन फिल्ड मार्ग का किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जिनकी जमीन से ये मार्ग निकल रहा है उन्हें ही इसका फायदा नहीं मिले तो ऐसे मार्ग विकास से क्या मतलब है। विरोध के तहत किसानों ने बुधवार को दो पहिया वाहन रैली निकाली जो ढाई घंटे में उज्जैन के 7 गांव एवं कस्बा से होकर एमपीआरडीसी कार्यालय पहुंची। यहां पर प्रभावित किसानों ने अपनी दो मुख्य मांग के साथ पंजीयन में राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्र के इंद्राज किए जाने की मांग भी ज्ञापन देकर उठाई है।

#### गौ बेक के नारे से रैली की शुरूआत

दो पहिया वाहन रैली की शुरूआत उज्जैन जनपद के अंतर्गत लिंबापिपलिया गांव के चौराहा से हुई। यहां से लेकोडा, हासामपुरा, पालखेड़ी, चांदमुख, दाऊदखेड़ी, चिंतामन से कोठी होते हुए रैली मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम कार्यालय फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज के नीचे पहुंची। ढाई घंटे के सफर मे वाहन रैली में करीब 250 से अधिक दो पहिया वाहन शामिल हुए। इन पर सवारों के साथ सहयोगी एमपीआरडीसी गो बैक के झंडे और बैनर हाथों में लिए हुए थे।

#### मुख्य दो मांग रही

इंदौर से उज्जैन तक बन रही इस रोड की लंबाई केवल 48 किलोमीटर है। वीआईपी लोगों के उपयोग के लिए एक्सप्रेस वे की तर्ज पर इसे बनाया जा रहा है। इंदौर से उज्जैन आने में 30 मिनट इस मार्ग के बनने पर लगेंगे और अगर इस रोड की ऊंचाई सामान्य रखी जाए तो 40 मिनट लगेंगे जिससे हजारों किसानों को व्यापार व्यवसाय का अवसर मिल जाएगा और क्षेत्र का विकास भी होगा। सिंहस्थ में इस रोड पर जाम की स्थिति में अगर सामान्य ऊंचाई रही तो लगभग 30 दूसरे रास्तों से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया जा सकेगा। इस रोड में अधिग्रहित की जा रही किसानों की जमीन का मुआवजा वास्तविक बाजार मूल्य (जो प्रस्ताव संघर्ष समिति ने दिया है) का चार गुना दिया जाए।

#### पोर्टल पर राष्ट्रीय राजमार्ग ही नहीं चढ़ा

किसानों ने एमपीआरडीसी में इंदौर क्षेत्र के डीएम गगन भाभर को ज्ञापन सौंप कर रोड नीचा मुआवजा ऊंचा की मांग रखी। इसके साथ ही किसानों ने एक अन्य ज्ञापन रजिस्ट्रार के नाम देते हुए कहा कि पोर्टल पर राष्ट्रीय राजमार्ग ही नहीं चढ़ा है उसे तत्काल ही इंद्राज करवाया जाए। यहां उपस्थित तहसीलदार जैन को इससे संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

## दिल्ली से आने वाली ट्रेनें 1 से 2 घंटा लेट आ रही

# मध्यप्रदेश में फिर शीतलहर का दौर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल



**22 जिलों में रहा कोहरा, इंदौर में 4.9 डिग्री रहा पारा**

कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ मध्यप्रदेश में फिर से कोल्ड वेव यानी, शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को भोपाल, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर-सीहोर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर समेत 22 जिलों में कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट भी डिले हो रही हैं। खासकर दिल्ली से भोपाल, इंदौर आने वाली ट्रेनें 1 से 2 घंटा तक लेट है।

मौसम विभाग ने बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर और विदिशा में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया था। जिसका असर देखने को मिला। खासकर सुबह के समय कई शहरों में घना कोहरा रहा।

- ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन, मंडला, रीवा, सतना में 1 से 2 किलोमीटर तक विजिबिलिटी रही। वहीं, भोपाल, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव, मलाजखंड, दतिया, गुना, इंदौर, रतलाम में 2 किमी के बाद कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। कोहरा छाने के दौरान वाहनों को सावधानी से चलाने की समझाइश भी दी गई। शाजापुर में इतना कोहरा था कि 50 मीटर के बाद कुछ भी नहीं दिख रहा था।
- इससे पहले मंगलवार की सुबह छतरपुर के नौगांव में 500 से 1 हजार मीटर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खजुराहो-मंडला में 1 से 2 किलोमीटर, इंदौर, राजगढ़, सागर, उज्जैन, जबलपुर-गुना में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता दर्ज की गई। रायसेन, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास समेत कई जिलों में भी घना कोहरा दर्ज किया गया।

### रेलवे: रिजर्वेशन चार्ट अब 10 घंटा पहले बनाना जरूरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर

रेलवे ने आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव कर दिया है। इस संबंध में मंगलवार 16 दिसम्बर को रेलवे बोर्ड ने एक आदेश सभी रेल झोनों के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को दिये हैं। नए निर्णय के तहत अब ट्रेनों का पहला आरक्षण चार्ट प्रस्थान समय से कम से कम 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। जिन ट्रेनों के चलने का समय 05.01 बजे से 14.00 बजे तक है, उनके लिए पहला रिजर्वेशन चार्ट पिछले दिन रात 20.00 बजे तक तैयार किया जाएगा। रेलवे बोर्ड का मानना है कि आरक्षण चार्ट पहले तैयार होने से यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बेहतर ढंग से बनाने में मदद मिलेगी।

# चांदी पहली बार 2 लाख रुपये प्रति किलो के पार

**1 से 2 लाख होने में 9 महीने लगे, 50 हजार से 1 लाख 14 साल में पहुंची थी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चांदी 17 दिसंबर को पहली बार 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार निकली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सुबह एक किलो चांदी 2,00,750 रुपए पर ओपन। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में थोड़ी गिरावट आई और ये 7,664 रुपए बढ़कर 1,99,641 रुपए किलो पर बंद हुई। इससे पहले ये 1,91,977 रुपए पर थी।

18 मार्च को चांदी पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 1 लाख से 2 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंचने में सिर्फ 9 महीने का समय लगा। जबकि इसे 50 हजार से 1 लाख रुपए तक पहुंचने में 14 साल लगे थे। मौजूदा कीमत के साथ चांदी अब ऑल-टाइम हाई पर है।

## यूपी के शामली में बुर्का नहीं पहनने से खफा

# पति ने पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर शवों को शौचालय के गड्ढे में गाड़ा

एजेंसी ▶▶ शामली

उत्तर प्रदेश के शामली में दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने पत्नी के बुर्का नहीं पहनने से पहले जमकर विवाद किया, उसके बाद पत्नी और दो मासूम बेटियों की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने तीनों के शव घर के आंगन में बने शौचालय के लिए खोदे गए करीब 9 फीट गहरे गड्ढे में दबाकर ऊपर से मिट्टी डाल दी और ईंटों का फर्श बिछा दिया, ताकि किसी को शक न हो।

महिला के ससुर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। इसके बाद, पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो इस खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ। यह सनसनीखेज घटना जनपद शामली के थाना कांधला क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत की है। गांव निवासी फारुख शादी-विवाह में खाना बनाने का काम करता था। वह अपनी पत्नी ताहिरा (32) और पांच बच्चों के साथ रहता था। बच्चों में आफरीन (14), आसमीन (10), सहरीन (7), पुत्र बिलाल (9) और अरशद (5) शामिल हैं। फारुख का अपने माता-पिता दाउद और असगरी से काफी समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते वह उनसे अलग मकान में रह रहा था।

## मंदसौर के शहर के रिहायशी इलाके में घुसा तेंदुआ

# वन विभाग ने रेस्क्यू कर पिंजरे में कैद किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

मंदसौर शहर के संजीत नाका इलाके में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां घनी आबादी वाले इलाके में एक तेंदुआ आ घुसा। तेंदुआ कभी इलाके की छतों पर तो कभी गली-मौहल्ले दौड़ लगाता नजर आया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। जब तेंदुआ एक निर्माणाधीन मकान में जा घुसा, इसी दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी सूझ बूझ से बाहर से कमरे का दरवाजा लगा दिया, जिससे तेंदुआ कमरे में ही कैद हो गया। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें सुबह करीब 8 बजे तेंदुआ कॉलोनी की गलियों में दौड़ता नजर आ रहा है।



सूचना मिलने पर पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को ट्रेंकुलाइजर कर दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में पड़े तेंदुए के पास टीम पहुंची और उसे उठाकर पिंजरे में डाला। दूसरी तरफ सैकड़ों लोगों की भीड़ छतों पर खड़े होकर तेंदुए की मूवमेंट देखती रही। मंदसौर में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की आवाजाही ने लोगों की नींद उड़ा रखी थी।

## दिल्ली में पॉल्यूशन, 50% एम्प्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य

# दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे

**मजदूरों को 10 हजार मुआवजा, नियम और सख्त होंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण के चलते भाजपा सरकार ने बुधवार को सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू कर दिया है। यानी अब सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे। आधे कर्मचारी घर से काम करेंगे।

दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह नियम गुरुवार से लागू होंगे। कुछ सेक्टरों, जैसे हेल्थकेयर, फायर सर्विस, जेल प्रशासन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे जरूरी सेवाएं देने वाली संस्थानों को नियम से छूट दी गई है। कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली में 16 दिनों तक ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज, लागू रहा। इस दौरान निर्माण कार्य बंद थे। इससे दिहाड़ी मजदूर प्रभावित हुए हैं। दिल्ली सरकार सभी रजिस्टर्ड और वेरिफाइड निर्माण मजदूरों के खातों में मुआवजे के तौर पर 10 हजार ट्रांसफर करेगी। दिल्ली-एनसीआर में 18 दिसंबर सुबह 8 बजे से ग्रेप-4 लागू होगा। इसके तहत दूसरे राज्यों के भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बंद रहेगी। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आरोप लगाया कि आप नेता जानबूझकर कचरा जलाकर प्रदूषण बढ़ा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ऐसी गंदी राजनीति न करें।

वस्त्र मंत्रालय
MINISTRY OF TEXTILES
सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
निफ्ट अधिनियम 2006 द्वारा शासित एक सांविधिक संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY
A Statutory Institute Governed by the NIFT Act 2006



निफ्ट प्रवेश 2026
स्नातक कार्यक्रम
स्नातकोत्तर कार्यक्रम
डॉक्टरल कार्यक्रम
पंजीकरण प्रारंभ
पंजीकरण की अंतिम तिथि
6 जनवरी 2026
स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए प्रवेश परीक्षा
8 फरवरी 2026
ऑनलाइन आवेदन करें
https://nift.ac.in
https://exams.nta.nic.in/niftee/

सम्पूर्ण भारत में
100
शहरों में परीक्षा केंद्र

cbc21354/12/0006/2526

## बुधवार का महाकाल श्रृंगार



## किसान का कोप भाजन बनाम सडक विकास




सडकों के विकास में बडे-बडे ठेकेदार और उनके बडे-बडे काम। अनुबंध के आधार पर सडकों का विकास । भूमि पुत्रों की जमीनें चंद लाख में और सडकों का विकास हजारों करोड में और फिर उस पर लाखों करोड तक की वसूली। एक के चार कमाने का गणित और वह भी हिंग लगे न फिटकरी रंग चौखा जैसा काम। किसान इस व्यवसायिक गणित को समझने लगा है। किसानों को भी लगने लगा कि उनकी जमीन की बाजार कीमतों के वो हकदार हैं। इस सब में सडकों की विकास की योजना बनाने वाले एवं उस पर अमल करने वाले सडक के विकास के जनक अब घेरे में आ गए हैं। सोमवार को प्रस्तावित उज्जैन-जावरा एक्सेस मार्ग से प्रभावित होने वाले किसानों ने इन विकास के यंत्रियों को जमकर जंत्री बांधी । उनका खाना पीना हराम कर दिया। दिन भर सांस उपर नीचे होती रही। देर रात को जैसे तैसे लिखित आश्वासन पर पिंड छूटा। बुधवार को एक बार फिर से उज्जैन झइंदौर ग्रीनफिल्ड की प्रस्तावित योजना के विरोध में कृषक रैली के साथ यहां पहुंचने वाले हैं। इन कृषकों ने सडक विकास वालों के प्रस्ताव को पहले ही ठुकरा दिया है। खुसूर-फुसूर है कि विकास करने वालों की सांस इसलिए भी चढ रही है कि किसानों ने कुछ दिन पहले कार्यालय में ही घेर दिया था। बमुश्किल बेचारे बाहर आए थे। किसान भी गुस्साया हुआ है। ये अधिग्रहण की प्रोसेस को आगे बढाते जा रहे हैं। जिम्मेंदार बगैर मुआवजा के भी खेल कर रहे हैं और बाद में सुनने को तैयार नहीं हैं । भूमिपुत्र बाद में उनके आगे पीछे घुम रहा है जैसा नरवर क्षेत्र में हुआ ऐसे में किसान अब पहले मुआवजा फिर काम की तर्ज पर उतर आए हैं। सही है दूध का जला छांछ भी फूंक-फूंक कर पीता है।

### किसान संघ था तैयार,मालवा प्रांत में हो गई थी तैयारी,खेतो में लहराए थे केसरिया ध्वज, सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना के खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर रहा किसान संघ अब करेगा सम्मान समारोह का आयोजन

# आंदोलन की बजाय अब 26/12 को सम्मान का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना निरस्त आदेश के लिए भारतीय किसान संघ ने अपने आंदोलन की तैयारी कर ली थी। किसान के खेतों में फसल लहलहाने के साथ केसरिया ध्वज फहरा रहे थे। सिंहस्थ क्षेत्र के खेतों में ये ध्वज जमकर लगे थे। निरस्त आदेश सामने आने पर अब आंदोलन की बजाय संबंधित दिनांक को संघ सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रहा है। सुंदर कांड के साथ इस आयोजन में किसान संघ के महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र एवं संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी का अभूतपूर्व सम्मान किया जाएगा।

सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना पर सरकार के समक्ष दो बार आदेश जारी करने को लेकर किसान संघ ने समय रखा था उसके बाद भी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई तो 26 दिसंबर से अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन की घोषणा कर दी गई थी। इसे लेकर किसान संघ ने तैयारी शुरू कर दी थी। सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों के साथ शहरी क्षेत्र से लगे खेतों में भी किसान संघ का ध्वज लहराने लगा था।






### निरस्त आदेश के साथ बहुत कुछ शेष

श्री आंजना के अनुसार सरकार की और से सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना टीडीएस 8,9,10,11 निरस्त करने का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के बाद अभी राजपत्र में इसका प्रकाशन एवं नक्शा जो कि नगर एवं ग्राम निवेश पर चढाया गया था उसे दुरूस्त होना चाहिए। अभी संघ की इन कार्रवाईयों पर बराबर नजर बनी हुई है। इसके साथ ही अन्य जो पक्ष हैं उन्हें भी अध्ययन किया जा रहा है।

### अब आंदोलन की बजाय आयोजन

भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमलसिंह आंजना बताते हैं कि 26 दिसंबर से आंदोलन होना था उसे निरस्त कर दिया गया है। अब उसी दिनांक को शहर के किसी बडे स्थल पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिस आटे से किसान आंदोलन स्थल पर दाल-बाटी खाने वाले थे उसी आटे से दाल बाफले बनेंगे। किसान संघ एवं किसान संघर्ष समिति की संयुक्त आयोजन में किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र एवं संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। सुंदर कांड के साथ यह सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसमें प्रांत के करीब ढाई हजार किसान संघ एवं किसान संघर्ष समिति के सदस्य शामिल होंगे।

## 'नो प्लास्टिक' की आकृति से मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश




**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत उज्जैन नगर पालिक निगम की सहयोगी संस्था आईईसी टीम द्वारा बुधवार को वार्ड क्रमांक 33 अंतर्गत शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल महाराजवाड़ा क्रमांक 2 के 400 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा "नो प्लास्टिक" लिखी हुई आकृति से मानव श्रृंखला बनाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों को नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वछता अभियान, कचरा प्रबंधन एवं गीले सूखे कचरे के प्रथम पृथक करने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई इस दौरान स्कूल की प्रभारी प्राचार्य डॉ ऊषा डोर एवं आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी से ठिठुरन बढ़ी, पारा 8 डिग्री पर पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। सर्द हवाओं के चलते न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा।इससे पहले 11 दिसंबर को रात का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि बीती रात तापमान और गिरकर 8 डिग्री पर आ गया। ठंड का असर दिन के तापमान पर भी साफ दिखाई दिया। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि दो दिन पहले 14 दिसंबर को अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



**कुछ दिन ठंडा बना रहेगा मौसम:** उज्जैन स्थित जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक राजेंद्र गुप्त ने बताया कि पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और वहां से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह ठंडा बना रहने की संभावना है।

## सम्राट विक्रमादित्य विवि ने जीती राज्य स्तरीय हॉकी महिला प्रतियोगिता

### सलोनी सूर्यवंशी ने भी किया प्रतिनिधित्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बालाघाट में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हॉकी महिला प्रतियोगिता में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन ने चैंपियनशिप जीतकर उज्जैन का नाम रोशन किया। लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय की सलोनी सूर्यवंशी ने भी प्रतिनिधित्व किया। राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हॉकी महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### जिला अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता पर सवाल

## मरीज बोले- पतली दाल, जली रोटियां और पानी मिला दूध मिलता है; शिकायतों पर जांच टीम बनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के जिला अस्पताल के चरक भवन में भर्ती मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। मरीजों का कहना है कि उन्हें पतली दाल, जली हुई रोटियां और पानी मिला दूध परोसा जा रहा है।मरीजों की शिकायत है कि सुबह जो दूध दिया जाता है, उसमें दूध कम और पानी ज्यादा होता है। वहीं दोपहर के खाने में दाल के नाम पर सिर्फ पानी होता है और रोटियां भी जली हुई मिलती हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है।



बताया जा रहा है कि यह भोजन शासन की योजना के तहत ठेके के माध्यम से तैयार किया जाता है। चरक भवन के पास ही खाना बनाया जाता है, जिसे चरक भवन और माधवनगर अस्पताल दोनों जगह के मरीजों को दिया जाता है।माधवनगर अस्पताल के प्रभारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने भी भोजन और दूध की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है।

सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि पहले भी ऐसी शिकायतें आई थीं, तब ठेकेदार को चेतावनी दी गई थी। अब दोबारा शिकायतें मिलने पर एक आकस्मिक निरीक्षण टीम बनाई गई है। जांच में अगर लापरवाही सामने आई, तो ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 20 दिसंबर को उज्जैन में होगा सामूहिक 1,51,000 हनुमान चालीसा पाठ

### श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के सानिध्य में होगी 1008 हनुमान मंदिर के ध्वज की महाआरती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संत शिरोमणि श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के सानिध्य मे 20 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से श्री राम धुन के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा का 1.5 लाख पाठ एवं 1008 हनुमान मंदिर के ध्वज की महाआरती बाबा महाँकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया जा रहा हैं।



आयोजन समिति ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री, हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री, विशेष अतिथि अनिल फिरोजिया सासंद, हेमा मालिनी अभिनेत्री एवं सांसद सहित संत, महंत, महामंडलेश्वर और शहर के विद्वतजन शिक्षाविद, चिकित्सक एवम सभी समाजों के पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे। प्रमुख मार्गदर्शन राजेश अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग प्रदेश सचिव, भावना जोशी वरिष्ठ समाज सेवी, पुणे महा. श्री राम धुन प्रस्तुती का रहेगा। 20 दिसम्बर शनिवार प्रातः 9 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान, इंदौर रोड पर होने वाले इस आयोजन की तैयारियों का अवलोकन बुधवार को आयोजन समिति द्वारा किया गया। आयोजन स्थल पर विशाल डोम का निर्माण किया जा रहा है जहां डेढ़ लाख से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। आयोजन समिति ने सभी से अनुरोध किया है कि इस शुभ अवसर पर सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## 7 गांव के किसान इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड रोड का विरोध करने पहुंचे

**उज्जैन।** इंदौर-उज्जैन के बीच प्रस्तावित ग्रीन फील्ड रोड से प्रभावित उज्जैन जिले के 7 गांवों के किसानों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर बाइक रैली निकाली। किसान काले झंडे बांधकर उज्जैन स्थित एमपीआरडीसी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।किसानों का कहना है कि इस परियोजना से 7 गांवों के करीब 280 किसानों की लगभग 450 बीघा जमीन प्रभावित हो रही है। उनकी प्रमुख मांग है कि जमीन का मुआवजा वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर तय किया जाए, न कि केवल सरकारी गाइडलाइन के अनुसार। इसके साथ ही किसानों ने ग्रीन फील्ड रोड की ऊंचाई कम करने और इसे सामान्य हाईवे के रूप में विकसित करने की मांग की, ताकि आसपास के गांवों के किसानों और ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल सके। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो वे रोड निर्माण कार्य बंद कराने जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।

## कन्या महाविद्यालय उज्जैन में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं एवं महाविद्यालयीन सदस्यों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते आँखों से संबंधित समस्याओं की पहचान करना था।



कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चिता सिंह बग्गा (बग्गा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) ने छात्राओं को आँखों की देखभाल के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए संतुलित आहार, नियमित जाँच एवं डिजिटल उपकरणों के सीमित व सावधानीपूर्वक उपयोग पर विशेष जोर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ह्लआँखें हैं तो जीवन हैह्व और छात्राओं को दृष्टिहीनता की स्थिति की कल्पना कराते हुए नेत्र स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया।

डॉ बग्गा के साथ बग्गा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम से श्रेयांश सिजेरिया, विनीता, देवयानी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजक मोनिका परमार द्वारा किया गया एवं आभार की अभिव्यक्ति डॉ. मीरा यादव ने की। शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं एवं महाविद्यालयीन सदस्यों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रूपा भावसार ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ, जिससे बड़ी संख्या में छात्राओं एवं स्टाफ को लाभ मिला।

# मेष राशि पर 2032 तक रहेगा शनि की साढ़ेसाती का असर

### इस साल मेष राशि में शनि की साढ़ेसाती शुरू हो चुकी है। यह 7 साल इस राशि के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होने वाले हैं। धैर्य और समझ के साथ आगे बढ़ना होगा तो शुभ परिणाम नजर आएंगे।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्रह नक्षत्र की स्थिति परिवर्तित होने के साथ अलग-अलग योग भी निर्मित होते हैं। शनि एक ऐसा ग्रह है, जिसे कर्म फल का दाता कहा जाता है। यह व्यक्ति को उसके कर्मों के मुताबिक फल देता है। शनि के दो योग चलते हैं जिनमें से एक ढैया और दूसरा साढ़ेसाती होता है। इनका व्यक्ति के जीवन पर अलग-अलग असर देखने को मिलता है।

साल 2025 में मेष राशि पर शनि की साढ़ेसाती की शुरूआत हो चुकी है। साल 2032 तक इसका प्रभाव इस राशि के लोगों पर रहने वाला है। यह साल व्यक्ति के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दौर में से एक होते हैं। इस दौरान उसे कई तरह की चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। जो व्यक्ति धैर्य, समझ और मजबूत निर्णय क्षमता के साथ आगे बढ़ता है। उसे शुभ परिणाम भी मिलते हैं। चलिए जान लेते हैं की मेष राशि के लिए यह समय कैसा रहने वाला है।

**पहला चरण:** साढ़ेसाती के पहले चरण की बात करें तो यह उदय कहलाता है जो व्यक्ति के मन पर असर डालता है। इस समय मेष राशि के लोगों को बिना वजह किसी न किसी बात की चिंता, बेचैनी या फिर मानसिक दबाव महसूस होगा। कई बार योजनाएं बनाएंगे लेकिन उसे पर सहमत नहीं हो पाएंगे। नींद की कमी या ओवर थिंकिंग परेशान करेगी। यह समय खुद को समझने और अपनी सोच को साफ करने का है। प्राथमिकताएं क्या है और किस दिशा में आगे जाना है यह देखना होगा।



**दूसरा चरण:** दूसरा चरण 2027 से 2029 के बीच का रहने वाला है। यह सबसे कठिन समय होता है। इस समय व्यक्ति को पैसा कम और सेहत तीनों में उतार-चढ़ाव देखना पड़ता है। मेहनत ज्यादा होने लगती है और नतीजा कम मिलते हैं। जिम्मेदारियां बढ़ जाती है और रिश्ते में दबाव महसूस होने लगता है। वैसे जो संभल जाए यह समय उस इंसान को सबसे ज्यादा मजबूत बना देता है। किस पर भरोसा करें किस दूर रहें क्या अच्छा है क्या बुरा इस समय में व्यक्ति को सब कुछ सीखने को मिलता है।

**तीसरा चरण:** तीसरा चरण 2029 से 2032 तक रहने वाला है। यह व्यक्ति के सुधार का समय है जो उसे बेहतर बनाने में मदद करता है। जो काम पहले रुके थे वह धीरे-धीरे बनने लगते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगती है और काम में स्थिरता आती है। रिश्तो का तनाव भी कम हो जाता है। यह व्यक्ति की आत्मविश्वास में वृद्धि करता है जिससे वह सारे काम अच्छी तरह पूरे कर पता है। इस समय तक आते-आते व्यक्ति यह जान लेता है कि कठिन दौर ने उसे मजबूत बना दिया है।


उठावना



स्व. गोपीलाल जी के सुपुत्र, स्व. प्रहलाद जी यादव के छोटे भ्राता, किशोर, महेश, स्व. पुरूषोत्तम यादव के बड़े भ्राता, मनोज (मोनू यादव) के पूज्य पिताश्री, राजेंद्र, नरेंद्र, वीरेंद्र, सुरेन्द्र के काका, सोनू, अर्जुन, गोलू, विक्की, अजय, कपिल के बड़े पापा, स्मिथ, आरव, हरदास, अर्थ (टिन्नू), गोरांश के पूज्य नाना जी एवं सनी, ऋषभ, रजत, सौरभ, मान यादव के पूज्य दादा जी

स्व. मूलचंद जी यादव (मुल्लू पहलवान)

का स्वर्गवास दिनांक 16.12.2025, मंगलवार को हो गया है । जिनका उठावना दिनांक 18.12.2025, गुरूवार को सायं 04 बजे निज निवास 5/2, निकास चौराहा, उज्जैन पर रखा गया है।

शोकाकुल

समस्त यादव परिवार, उज्जैन, मोबा.: 9826950087

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

उज्जैन | गुरुवार 18 दिसम्बर, 2025 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### शहीदों के सम्मान में विजय दिवस का आयोजन किया गया

**उज्जैन।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन श्री विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि गत दिवस को शहीद पार्क, फ्रीगंज, में शहीदों के सम्मान में विजय दिवस के कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भारत माता के जयकारों के साथ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णु दत्त शर्मा (से. नि), कल्याण संयोजक सूबेदार (आनरेरी कैप्टन) भंवर सिंह मैरावत (से.नि.), एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### उज्जैन जिले में 442 नवीन पात्रता पर्ची जारी

**उज्जैन।** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती शालु वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत एम राशन पोर्टल पर सत्यापित पात्र हितग्राहियों की आधार ई केवायसी सत्यापन उपरांत शासन से 442 नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है। अनुविभाग बडनगर 23 तराना 121, खाचरौद 109, महिदपुर 80, उज्जैन शहर 65, घट्टिया 16, उज्जैन ग्रामीण 19, नागदा 9 इस प्रकार कुल 442 नवीन पात्र परिवारों को नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है।

संबंधित पात्र हितग्राही स्थानीय नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत / खाद्य कार्यालय से सम्पर्क कर अपनी नवीन पात्रता पर्ची प्राप्त कर आगामी माह से राशन प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार जिन परिवारों ने ऑनलाईन पोर्टल पर नवीन पात्रता पर्ची हेतु आवेदन स्वीकृत कराया था, परन्तु आज दिनांक तक ईकेवायसी नहीं कराई है, से अनुरोध है कि अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान अथवा स्थानीय निकाय से सम्पर्क कर पौस मशीन में सभी सदस्यों की ईकेवायसी कराये, जिससे उन्हें अतिशीघ्र नवीन पात्रता पर्ची जारी किया जाना संभव हो सकें। अतः सभी नवीन पात्र परिवारों को सूचित किया जाता है कि नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत / खाद्य कार्यालय / उचित मूल्य दुकान से सम्पर्क कर पात्रता पर्ची प्राप्त करें ।

### प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया

**उज्जैन।** जनपद पंचायत महिदपुर में बुधवार को मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना में लाभान्वित हितग्राहियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पौधरोपण,पौधों की सुरक्षा, जलकुण्ड एवं परियोजना में ड्रिप इरीगेशन के सम्बंध में उद्यानिकी विभाग , कृषि विभाग से अनुदान की जानकारी एवं सुविधाओं का लाभ देने के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत, एवं उद्यानिकी विभाग,कृषि विभाग के द्वारा प्रशिक्षण एवं योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### आईएएस के समर्थन में तीन दिवसीय धरना

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ तथा एससी-एसटी-ओबीसी के विभिन्न संगठनों द्वारा अजाक्स संगठन के प्रांताध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में तीन दिवसीय धरना प्रारंभ किया गया। धरना शुरू करने से पूर्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसके बाद टॉवर चौक पर संतोष वर्मा को पद से हटाए जाने के विरोध में नारेबाजी की गई। यह धरना तीन दिनों तक चलेगा और 19 दिसंबर को समाप्त होगा।

आभूषण और लाखों की नगदी चोरी, कैमरे में दिखे चोरी करने वाले

# अमरनाथ एवेन्यू में सूने मकान पर बदमाशों का धावा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौररोड पर बनी कॉलोनी में मंगलवार बुधवार रात बदमाशों ने दो दिनों से बंद मकान पर धावा बोला और सोने-चांदी के आभूषणों के साथ लाखों की नगदी चोरी कर ले गए। वारदात सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच में लगी है। चोरी करने वाले सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए हैं।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र की अमरनाथ एवेन्यू कॉलोनी में निर्माण कार्यों के ठेके लेने वाले आनंद गोयल का मकान बना हुआ है। जहां उनके पिता पुरुषोत्तम गोयल अपनी पत्नी के साथ निवास करते हैं। पुरुषोत्तम गोयल अपनी पत्नी के साथ 2 दिन पहले बसंत बिहार में रहने वाली बेटी के यहां चले गए थे। उनके मकान पर ताला लगा हुआ था। बुधवार सुबह पता चला कि रात में बदमाशों ने मेनगेट का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है।



जानकारी लगते ही उपनिरीक्षक अनिल ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। इस दौरान सामने आया कि बदमाशों ने आभूषणों के साथ लाखों रुपए नगद चोरी किए हैं। जिस मकान में चोरी हुई वहां कैमरे लगे हुए थे लेकिन बदमाश डीवीआर अपने साथ ले गए थे।

पुलिस ने आसपास लगे कैमरो के फुटेज देखे तो उसमें बदमाशी दिखाई दिए जिनके चेहरे पर नकाब बंधा हुआ था। बदमाशों ने वारदात से पहले पीछे की बाउंड्री वॉल कूद कर अंदर प्रवेश किया था और ताला तोड़कर चोरी की, जबकि कॉलोनी के मेनगेट पर सुरक्षा गार्ड मौजूद थे। जिस मकान में चोरी हुई वह कॉलोनी के अंतिम छोर पर बना हुआ है। उपनिरीक्षक ठाकुर ने बताया कि चोरी गए सामान का आकलन किया जा रहा है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। ठेकेदार आनंद गोयल मूल रूप से इंदौर के रहने वाले हैं।

**घर में लगे सीसीटीवी कैमरे किए बंद**

बताया जा रहा है कि गोयल परिवार के मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। आनंद गोयल इंदौर में थे रात 2:45 बजे बाद उन्हें मोबाइल पर कैमरे बंद दिखाई दिए। उन्होंने इंदौर से ही कॉल कर कॉलोनी में रहने वाले दो लोगों को भेजा, लेकिन उन्हें वारदात का आभास तक नहीं हुआ, जानकारी सामने आई बदमाश उसे वक्त घर में ही थे उन्होंने रसोई घर में रखी नाश्ते की सामग्री का स्वाद भी चखा। आसपास के कैमरे देखने पर पुलिस को पता चला कि बदमाश लगभग 4 बजे बाद मकान से निकलकर भागे है।

## उज्जैन में सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 8 डिग्री पर पहुंचा

### पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बर्फबारी से ठिठुरन बढ़ी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। सर्द हवाओं के चलते न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा।

इससे पहले 11 दिसंबर को रात का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि बीती रात तापमान और गिरकर 8 डिग्री पर आ गया। ठंड का असर दिन के तापमान पर भी साफ दिखाई दिया। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि दो दिन पहले 14 दिसंबर को अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## फ्रीगंज का नया ब्रिज : इंटर कनेक्शन का काम बाकी है, एक सप्ताह और लगेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फ्रीगंज की दूसरी भुजा का काम प्रभावित होने की आशंका है। इसलिए कि नगर निगम (पीएचई) यहां से पाइप लाइन शिफ्टिंग व इंटर कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं कर पाई हैं। हालांकि दावा किया जा रहा है कि एक सप्ताह में ये कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जबकि 11 महीने तो बीत ही चुके हैं।

सिंहस्थ व भीड़ प्रबंधन तथा सुगम परिवहन के लिए चामुंडा माता चौराहा से फ्रीगंज की तरफ जाने वाले ब्रिज के समानांतर नए ब्रिज का काम चल रहा है। निर्माण एजेंसी लोनिवि की सेतु शाखा है, जो की तेजी से काम कर रही हैं। यहां से गुजर रही पीएचई की पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। ये हालात भी तब है जब सेतु शाखा ने 7 जनवरी 2025 को ही लाइन शिफ्टिंग व अन्य कार्य के लिए नगर निगम (पीएचई) को एक करोड़ 65 लाख का भुगतान कर दिया था। बावजूद जिम्मेदार ये काम नहीं करवा पाए है। देरी के पीछे तर्क ये भी दिया जा रहा है कि पाइप लाइन शिफ्टिंग से जुड़े पाट्र्स स्थानीय स्तर पर बनवाने पड़े है।



लाइन शिफ्टिंग बाकी

पीएचई की पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य अभी बाकी है। फिलहाल तो ब्रिज निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं।

**- पीएस पंत, कार्यपालन यंत्री, सेतु शाखा लोनिवि**

शिफ्टिंग लगभग पूरी पाइप लाइन शिफ्टिंग तो लगभग पूरी कर ली गई है लेकिन इंटर कनेक्शन का काम बाकी है। ये काम एक सप्ताह में पूरा हो सकेगा। देरी इसलिए हो रही हैं क्योंकि पाट्र्स स्थानीय स्तर पर तैयार कर रहे हैं।

**दिलीप नौधाने**
**उपयंत्री, पीएचई**



## हरी सब्जियों की भरमार: बटला, मैथी, गोभी, धनिया सस्ते हो गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सर्दी के दिनों में हरी सब्जियों की भरमार होने से अधिकांश सब्जी सस्ते भाव पर बिकने लगी है। सबसे ज्यादा हरा बटला सस्ता हो गया है। सब्जी मंडियों में इन दिनों टमाटर महंगा बिक रहा है। इन दिनों आम और खास वर्ग को मनचाही हरी सब्जी अपने भाव पर मिल रही है।

करीब दो माह तक बाजार में सब्जियां सस्ती ही बिकती रहेगी। उज्जैन में चिमनगंज की थोक सब्जी मंडी सुबह 5 बजे से शुरू हो जाती है। यहां पर उज्जैन लोकल के अलावा बड़वानी, पेटलावद, झाबुआ तरफ से पिकअप वाहन में सब्जी बिकने आती है। इसके अलावा फ्रीगंज क्षेत्र में मक्सी रोड दौलतगंज में भी थोक में सब्जी नीलामी में बिकती है। उज्जैन मंडी में नियम अनुसार मंडी टैक्स भी वसूला जाता है। सर्दियों की खास सब्जी हरी मटर यह प्रोटीन फाइबर विटामिन सी से भरपूर है। पालक आयरन कैल्शियम, मैथी की भाजी में आयरन, मैग्नीशियम, बाथला विटामिन ए और सी से भरपूर होता है। यह कब्ज में राहत भी देता है।

## रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का कार्य जारी, दिसंबर माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा रुद्रसागर से जलकुंभी हटाने का कार्य जारी है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निर्देश दिए है कि यह कार्य 30 दिसंबर से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएं। जलकुंभ हटाने का यह अभियान शहर के सौंदर्यीकरण और जल प्रदूषण नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। काम के दौरान विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इस पहल से रुद्रसागर का जलक्षेत्र साफ-सुथरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्य पूरी गति से जारी है और जल्द ही जलकुंभ से मुक्त रुद्रसागर की तस्वीरें देखने को मिलेंगी।




## जिला अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला अस्पताल के चरक भवन में भर्ती मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। मरीजों का कहना है कि उन्हें पतली दाल, जली हुई रोटियां और पानी मिला दूध परोसा जा रहा है।

मरीजों की शिकायत है कि सुबह जो दूध दिया जाता है, उसमें दूध कम और पानी ज्यादा होता है। वहीं दोपहर के खाने में दाल के नाम पर सिर्फ पानी होता है और रोटियां भी जली हुई मिलती हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। बताया जा रहा है कि यह भोजन शासन की योजना के तहत ठेके के माध्यम से तैयार किया जाता है। चरक भवन के पास ही खाना बनाया जाता है, जिसे चरक भवन और माधवनगर अस्पताल दोनों जगह के मरीजों को दिया जाता है। माधवनगर अस्पताल के प्रभारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने भी भोजन और दूध की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है। सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि पहले भी ऐसी शिकायतें आई थीं, तब ठेकेदार को चेतावनी दी गई थी।

4500 आरपीएफ जवान तैनात होंगे, ड्रोन और 320 सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर

# सिंहस्थ 2028 के लिए मजबूत होगा 'सुरक्षा चक्र'

सिंहस्थ 2028 में उज्जैन में करोड़ों यात्रियों के आने की संभावना


साढ़े 4 हजार आरपीएफ जवान संभालेंगे करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़

जवानों के हाथों नहीं होगा डंडा, सभी विनम्रता से आएंगे पेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में उज्जैन में करोड़ों यात्रियों के आने की संभावना हैं। इसको लेकर आरपीएफ ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सिंहस्थ में उज्जैन सहित आसपास के स्टेशनों पर साढ़े चार हजार जवान तैनात रहेंगे। खास बात यह है कि इन जवानों को अपने हाथों में डंडा भी रखने की अनुमति नहीं होगी। इन्हें विनम्रता से यात्रियों के साथ पेश आना होगा। इसके अलावा आरपीएफ की सबसे ट्रेंड कोरस कमांडों की बटालियन की तैनाती के साथ ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। सिंहस्थ 2028 को लेकर आरपीएफ ने अपनी तैयारियां शुरू की है।

उज्जैन स्टेशन के अलावा चिंतामन, फतेहाबाद, मोहनपुरा, नईखेड़ी, पंवासा, पिंग्लेश्वर, विक्रम नगर स्टेशनों पर फोकस किया जा रहा है। इसमें खासतौर पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए 4500 से अधिक जवानों को तैनात किया जाना है। इस संबंध में मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। जहां से अनुमति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।



सिंहस्थ 2028 में तैनात होने वाले आरपीएफ जवानों को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। जवानों को यात्रियों से विनम्रता से व्यवहार करने को कहा जाएगा। खासतौर पर इन जवानों को अपने हाथों में डंडा भी रखने की अनुमति नहीं होगी। भीड़ अधिक होने पर किसी प्रकार की कोई विवाद की स्थिति होने पर बल का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

**कोरस कमांडो की बटालियन होगी तैनात-** सिंहस्थ के दौरान किसी भी आंतकी घटना से निपटने के लिए रेलवे स्टेशन पर कोरस कमांडो की बटालियन तैनात होगी। इसमें 110 कमांडो रहेंगे। कोसर कमांडो भारतीय रेलवे की एक विशेष कमांडो बटालियन है, जिसका पूरा नाम कमांडो फार रेलवे सेफ्टी है। इसका गठन 14 अगस्त 2019 को किया गया था। यह रेलवे और यात्रियों को आंतकवाद, नक्सलवाद और प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए बनाया गया है। इन्हें आधुनिक हथियारों के साथ ही विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। यह किसी भी आपात स्थिति से निपट सकते हैं।

**स्टेशन पर 200 कैमरे और लगेंगे-** टीआइ यादव के अनुसार रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में 120 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। आरपीएफ कंट्रोल रूम से स्टेशन पर नजर रखी जाती है। सिंहस्थ के मद्देनजर रेलवे स्टेशन के सभी प्रवेश द्वार के साथ ही परिसर व होल्डिंग एरिया के लिए 200 से ज्यादा नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। जिसके माध्यम से संदिग्धों पर नजर रखी जा सकेगी। दो ड्रोन कैमरे भी होंगे तैनात सिंहस्थ में भीड़ प्रबंधन के लिए ड्रोन कैमरों की भी मदद ली जाएगी। दो ड्रोन कैमरे लगातार स्टेशन व आसपास के क्षेत्र में भीड़ पर नजर रखेंगे। जिसकी मदद से स्टेशन परिसर में भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा।

## राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाएं

**उज्जैन।** सम्भागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभागार में उज्जैन संभाग के समस्त जिलों की कलेक्टर्स कान्फ्रेंस बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में संभाग के समस्त जिलों में चल रही योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा समयबद्ध निराकरण और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी जिलों के कलेक्टर्स ने एजेंडा अनुरूप अपने-अपने जिलों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के प्रकरणों में नवाचार करते हुए कार्यवाही करें। पटवारी रिपोर्ट के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। लंबित राजस्व प्रकरणों का आगामी 26 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा में सेवा प्रदान न करने पर संबंधित अधिकारियों पर लगातार जुर्माना लगाया जाए।

आपकी खबरें...

## जिले में 442 नवीन पात्रता पर्ची जारी

**उज्जैन।** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती शालु वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत एम राशन पोर्टल पर सत्यापित पात्र हितग्राहियों की आधार ई केवायसी सत्यापन उपरांत शासन से 442 नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है। अनुविभाग बडनगर 23 तराना 121, खाचरौद 109, महिदपुर 80, उज्जैन शहर 65, घट्टिया 16, उज्जैन ग्रामीण 19, नागदा 9 इस प्रकार कुल 442 नवीन पात्र परिवारों को नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है।

संबंधित पात्र हितग्राही स्थानीय नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत / खाद्य कार्यालय से सम्पर्क कर अपनी नवीन पात्रता पर्ची प्राप्त कर आगामी माह से राशन प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार जिन परिवारों ने ऑनलाईन पोर्टल पर नवीन पात्रता पर्ची हेतु आवेदन स्वीकृत कराया था, परन्तु आज दिनांक तक ईकेवायसी नहीं कराई है, से अनुरोध है कि अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान अथवा स्थानीय निकाय से सम्पर्क कर पौस मशीन में सभी सदस्यों की ईकेवायसी कराये, जिससे उन्हें अतिशीघ्र नवीन पात्रता पर्ची जारी किया जाना संभव हो सकें। अतः सभी नवीन पात्र परिवारों को सूचित किया जाता है कि नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत / खाद्य कार्यालय / उचित मूल्य दुकान से सम्पर्क कर पात्रता पर्ची प्राप्त करें ।

## वर्तमान में उज्जैन जिले में 21,368 मैट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

**उज्जैन।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी कि उज्जैन जिले में विगत 01 अक्टूबर से आज दिनांक तक 1,25,878 मै.टन खाद का वितरण हो चुका है। इसमें यूरिया 60,029 मै.टन, डीएपी 13,191 मै.टन और एनपीके 19,014 मैं.टन, एसएसपी 31,415 मै.टन और एमओपी 2,229 मै.टन है।

वर्तमान में जिले में यूरिया की सहकारी केद्रों पर उपलब्धता 4,991 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 940 मै.टन है। इसी प्रकार डीएपी की सहकारी केद्रों पर उपलब्धता 895 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 238 मै.टन है। एनपीके की सहकारी केद्रों पर उपलब्धता 2,012 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 2,066 मै.टन है। एसएसपी की सहकारी केद्रों पर उपलब्धता 3,221 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 7,005 मै.टन है। गुरूवार को जिले को रतलाम रैक पॉइंट पर 450 मैं.टन यूरिया प्राप्त होगा ।

## स्वसहायता समूह से जुडकर जीवन बाई में आया सकारात्मक परिवर्तन

**उज्जैन।** उज्जैन जिले के खाचरौद विकासखंड के ग्राम रुपेटा में रहने वाली जीवन बाई पति बगदीराम के परिवार में 08 सदस्य है। घर में पहले कमाने वाले सदस्य सिर्फ उनके पति थे। जिसके कारण परिवार को आर्थिक परेशानियों से जुझना पड रहा था। जीवन बाई कुछ वर्ष पूर्व ग्राम नोडल के माध्यम से अन्नपूर्णा आजीविकास स्वसहायता समूह से जुडी। जिसके पश्चात उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया।

समूह से जुडने के बाद उन्हें बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण मिला तथा उन्होंने बकरी पालन करने का निर्णय लिया। इसके पश्चात उन्होंने कुछ ऋण और लेकर दो अत्याधुनिक सिलाई मशीन खरीदी जिससे उन्हें अच्छी आय होने लगी। जीवन बाई की पुत्री भी सिलाई कार्य में उनका हाथ बांटती है। वर्तमान में जीवन बाई की मासिक आय लगभग 10 हजार रूपए प्रति माह हो गई है।

### संभागायुक्त श्री सिंह ने प्रथम कलेक्टर्स कान्फ्रेंस में निर्देश दिए

# पीएचई द्वारा पूर्ण कार्यों को शत-प्रतिशत हस्तान्तरित कर नागरिकों को पेयजल योजना का शीघ्र लाभ दिलवाया जाएं

### राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाएं

### संभाग के दूसरे जिलों के नवाचारों को सभी जिले अपनाएं

### लोकसेवा ग्यारंटी अधिनियम में समय सीमा में कार्य ना होने पर संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाए





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्भागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभागार में उज्जैन संभाग के समस्त जिलों की कलेक्टर्स कान्फ्रेंस बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में संभाग के समस्त जिलों में चल रही योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा समयबद्ध निराकरण और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी जिलों के कलेक्टर्स ने एजेंड़ा अनुरूप अपने-अपने जिलों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की।

संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के प्रकरणों में नवाचार करते हुए कार्यवाही करें। पटवारी रिपोर्ट के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। विगत 1 अक्टूबर से पूर्व के सभी लंबित राजस्व प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन) का आगामी 26 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा में सेवा प्रदान न करने पर संबंधित अधिकारियों पर लगातार जुमार्ना लगाया जाए, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों को गति प्रदान की जाए।

उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत डिजिटल आजीविका रजिस्टर में लखपति दीदी की प्रविष्टि तथा प्रत्येक जिले की सभी पंचायतों में कम से कम एक एलआईसी दीदी बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा किए पूर्ण कार्यों का शत-प्रतिशत हैंडओवर सुनिश्चित कर नागरिकों को शीघ्र योजनाओं का लाभ दिलाने, जो विभाग नवीन भवनों में शिफ्ट हो गए है, उन विभागों की पुराने भवनों में को लाइब्रेरी में परिवर्तित करने के निर्देश दिए ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने के लिए स्थान मिल सकें। शासकीय विद्यालयों में ई-अटेण्डेंस को लेकर निर्देश दिए कि सभी जिलों के विद्यालयों मे शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाए एवं उपस्थिति अनुरूप ही उन्हें वेतन दिया जाए। कृषि क्षेत्र के अंतर्गत किसानों को लगातार फर्टिलाइजर उपलब्ध कराया जाए एवं कस्टम हायरिंग सेंटरों द्वारा किसानों को कृषि यत्रों के उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए ।

### जिलों में किए जा रहे नवाचार की संभागायुक्त ने प्रशंसा की

बैठक में संभाग के सभी जिलों मे किये जा रहे नवाचारों को भी बताया गया। मंदसौर जिले द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में कृषकों को कृषि कार्य के लिए खेतों पर जाने के लिए परम्परागत रास्तों का सीमांकन, अतिक्रमण मुक्त करना एवं नक्शों में चिन्हांकन किया गया। मंदसौर में खेत, कॉलोनी मार्ग से संबंधित विवादों के निराकरण के लिए मौके पर जाकर कार्यवाही की जाती है और संतुष्टी के साथ विवादों को समाप्त किया जाता है। सरकारी संपत्तियों का जनहित में पुनः उपयोग किया गया । जिसमें जनहित के लिए आंगनवाडी संचालन, उपस्वास्थ्य केंद्र एवं ठफ्ठ, रेन बसेरा, विभागीय प्रशिक्षण आदि का संचालन किया जा रहा है एवं आयुष्मान मंदिरों द्वारा डे टाईम में कुपोषित बच्चों को सुपोषित किया जा रहा है । नीमच जिले द्वारा हर्बल मंडी के लिए जगह चिंहित की गई। इसके साथ ही लखपति दीदी बनाने के लिए एलआईसी दीदी बनाया जा रहा है।

देवास जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में बच्चों के खेलने, कूदने, टहलने एवं बुजूगों को स्वच्छंद वातावरण उपलब्ध कराने के लिए देवास बाल वाटिका का निर्माण किया जा रहा है एवं सभी पेक्सों से कीटनाशक विक्रय कराने के लिए, कम्पनी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिसके रजिस्ट्रर संस्थाओं पर ही किटनाशक विक्रय किया जाए और कस्टम हायरीग सेंटर को पेक्स से जोड़ा जाए। उज्जैन जिले द्वारा प्रोजेक्ट एआई शाला के माध्यम से बच्चों को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 100 से अधिक शालाओं में एआई साक्षरता प्रदान की जायेंगी।

बैठक में साईबर तहसील योजना, सीएम/सीएस लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाईन, भू-अर्जन,सीएम किसान, पीएम किसान, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा आदि विषयों पर चर्चा कर समीक्षा की गई । इस अवसर पर उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह, शाजापुर कलेक्टर, आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव, मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग,नीमच कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह उपस्थित रहे।

## शहीदों के सम्मान में किया विजय दिवस का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि गत दिवस को शहीद पार्क, फ्रीगंज, में शहीदों के सम्मान में विजय दिवस के कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भारत माता के जयकारों के साथ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णु दत्त शर्मा (से. नि), कल्याण संयोजक सूबेदार (आनरेरी कैप्टन) भंवर सिंह मैरावत (से.नि.), एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## महिदपुर में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का किया आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जनपद पंचायत महिदपुर में बुधवार को मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना में लाभान्वित हितग्राहियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पौधरोपण,पौधों की सुरक्षा, जलकुण्ड एवं परियोजना में ड्रिप इरीगेशन के सम्बंध में उद्यानिकी विभाग , कृषि विभाग से अनुदान की जानकारी एवं सुविधाओं का लाभ देने के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत, एवं उद्यानिकी विभाग,कृषि विभाग के द्वारा प्रशिक्षण एवं योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड विक्रेतागण श्रीमती लाली सोठीया पति श्री राजेश सोठिया, राजेश सोटिया पिता श्री पन्नालाल सोठिया निवासीगण 121, विरसावरकर प्याउ भैरवगढ उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड स्थित भूखण्ड क्रमांक 20, सागर कालोनी, गंगानगर ईदगाह के पास जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसकी लम्बाई 30 फीट, चौड़ाई - 20 फीट कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफीट अर्थात 55.76 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व दिशा में- सड़क कालोनी की, पश्चिम में भवन क्रमांक 21, उत्तर में भवन क्रमांक 19 दक्षिण मे भवन क्रमांक 32 को क्रय करने का लिखित अनुबंध पत्र करते हुए मेरे पक्षकार के द्वारा बयाना राशि भुगतान कर दी गई है और निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । इति दिनांक 17/12/2025

**पंकज शर्मा एडवोकेट, पीयुष शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मोबा- 99070-21923, 9009438990**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने रामेश्वर पिता नाहर जी जाति आंजना, सेवा बाई पति रामेश्वर जी जाति आंजना, नानुबाई पिता नाहर जी, जाति आंजना, एंवम बसन्ता बाई बैवा नाहर जी जाति आंजना, पदमसिंह पिता नाहर जी जाति आंजना निवासीगण ग्राम लेकोडा आंजना से इनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भुमि जिसका सर्वे नम्बर 502 रकबा 1.86 हेक्टर भुमि को, सिंचाई के अधिकार सहीत *कृय करने का अनुबन्ध किया हे, जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है।
यह कि उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन बय, दान, आदी, की हुई हो, अथ्वा उक्त कृर्षि भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का उक्त भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होतो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस में मिले व आपत्ति पेश करे ।
अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 7 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विकृय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धनकारक नही रहेगी।
दिनांक 17/12/2025

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट, पताः- किदवई मोहल्ला चांदबड चोक उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन,**
**मो. 98278-47404 एंव 99260-66398**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारणको युक्ति किया जाता है मेरी पक्षकारा श्रीमती हंसु बाई पति श्री जसवंतसिंह आजना निवासी ग्राम सेमलिया बीमी तहसील पटिया जिला उज्जैन की सास स्व. श्रीमती जानी बाई पत्ति श्री बापूलाल जी के नाम से स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 49 रकबा 1.230 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 72 रकबा 0.080 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 185 रकबा 1,180 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 166 रकबा 0.270 हैक्टेयर सर्वे क्रमांक 167 रकबा 0.300 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 168 रकबा 0.350 हैक्टेयर सर्वे क्रमांक 169 रकबा 1.000 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 171 रकबा 3,200 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 231 रकबा 1.750 हैक्टेयर कुल किंता 9 कुल रकबा 9.360 हैपटेयर है। उक्त भूमि का अपने जीवित पुत्रों एवं मृत पुत्रों के वारिसान के बीच आपसी सहमति से बटवारा कर उन्हें उनके हिस्सों की भूमि में काबिज करवा दिया तथा स्वयं के हिस्से की भूमि जिसका सबै क्रमांक 49 रकबा 1230 हैक्टेयर स्थित ग्राम सेमलिया बीबी तहसील घटिया जिला उज्जैन के संबंध में अपने जीवन काल में पूर्ण स्वस्थ्य मनोदशा के मेरी पक्षकार के हित में एक वसीयतनामा संपादित करते हुये अपना वैधानिक उत्तराधिकारी मेरी पक्षकार को घोषित किया गया है। श्रीमती जानी बाई की मृत्यु दिनांक 01.02.2022 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत मेरी उपरोक्त पक्षकार स्व. जानी बाई द्वारा उपरोक्तानुसार किये गये वसीयतनामे अनुसार स्व. जानी बाई के हिस्से की भूमि सर्वे क्र. 49 रकबा 1.230 हैक्टेयर की वैध उत्तराधिकारी के रूप में स्वामी होकर उक्त भूमि पर वर्तमान में काबिज होकर अपने पति की सहायता से खुद काश्त कर रही है।
मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उन्हीं के कुटुम्ब परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा वसीयत किये जाने तथ्य को छुपाते हुये उक्त कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 49 रकबा 1.230 हैक्टेयर को भी अवैधानिक रूप से नामांतरण करवा कर रफे-दफे करने के दुषप्रयत्न में है।
अतः सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार मेरे पक्षकार के हित में वसीयत की गयी कृषि भूमि संपत्ति को कोई भी व्यक्ति / संस्था आदि क्रय, रहन अथवा किसी भी प्रकार का अंतरण न करे न करवाये अन्यथा किया गया अंतरण
मेरे पक्षकार के हित के विपरीत होकर शून्यवत व निष्प्रभावी होगा। मेरी पक्षकार इस बाबत सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर रही है।
इति दिनांक 17.12.2025

**सुरेन्द्र शुक्ल, एडवोकेट, 188, अंकपात मार्ग, उज्जैन**
**सनद क्रमांक 988/87**
**मो.नंबर 98262-76678, 70677-75719**

**THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCER'S UNION LTD.**
**LUNAWADA ROAD, P. B. NO. 37, GODHRA-389001**
**E TENDER NOTICE**
**(Tender Reference GD/T-ARC/2025-26/45)**
The Tender is Invited by THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCERS' UNION LTD. for the appointment of agency for **1. ARC of Pest Control Service at Taloja (Mumbai) and Ujjain Plant** The interested bidders / agencies may download the tender documents from **website tenders.nprocure.com** from **17/12/2025 to 24/12/2025**. Last date of submission online **31/12/2025** and last date of hard copy submission **02/01/2026**. The Dairy reserves the rights to reject any or all tenders or accept any tender without assigning any reason thereof.
**MANAGING DIRECTOR**
**PDCMPUL-GODHRA**

### उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन

भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)
दूरभाष : 0734-3510343,
ई-मेल Udnujain@gmail.com, website: www.udaujjain.org

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना में भूखण्ड क्रमांक ए-10/10 श्रेणी एल.आय.जी. श्री सावन कुमार साहू पिता श्री शांतिलाल साहू, निवासी ग्राम रानीखेड़ा, तहसील निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ (राजस्थान) के नाम पर लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु दिनांक 10.04.2015 से आवंटित हैं।
आवंटी श्री सावन कुमार साहू पिता श्री शांतिलाल साहू निवासी ग्राम रानीखेड़ा, तहसील निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ (राजस्थान) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री मनीष मीणा पिता श्री कालुराम मीणा, निवासी-16/432, 1, अशोक टॉकीज के पास, गांधी ग्राम कॉलोनी, नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।
अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/गिरीवी/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी ममता पति किशोर जी जाति जाट निवासी घोसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 275 रकबा 1.10 हेक्टर सर्वे नंबर 276 रकबा 0.40 आरे कुल किता 02 कुल विकित रकबा 1.50 हेक्टर व किशोर पिता नानूराम जी जाति जाट निवासी घोसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 272/2 रकबा 0.50 आरे कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.50 आरे लगानी स्थित ग्राम लोहारवास प.ह. नंबर 160 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो।
इति दिनांकः 16-12-2025

**कमलसिंह यादव (सर्विस प्रोवाईडर) तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 9424814613**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1328/2/3 रकबा 0.550 हेक्टर स्थित ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन को 1- मानवेन्द्रसिंह पिता श्री देवीसिंहजी, जाति राजपूत, 2- जयराजकुमारी पुत्री श्री देवीसिंहजी, जाति राजपूत, निवासीगण ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने टोकन बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।
अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी।
इति दिनांक 16-12-2025 स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एंडवोकेट DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बरः 9826534221, 8839920862**

## खास न्यूज

### गहरे नाले में गिरे दिव्यांग का पुलिस ने किया रेस्क्यू

**उज्जैन।** दिव्यांग के नाले में गिरने का डायल 112 पर इवेंट मिलने पर आधी रात को पुलिस उसकी तलाश में पहुंची और 2 घंटे की तलाश के बाद दिव्यांग को अंगारेश्वर मंदिर क्षेत्र से सुरक्षित रेस्क्यू कर घर तक पहुंचा। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि रात में भोपाल से इवेंट मिला था कि मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र के नाले में दिव्यांग अपनी तीन पहिया सायकल सहित गिर गया है। रात्रि गश्त में तैनात आरक्षक जगदीश गेहलोत, थानसिंह, निर्मल देलावर, सत्येन्द्र कुशवाह दिव्यांग की तलाश में पहुंचे और तलाश शुरू की गई। डायल 112 पर आये नम्बर से संपर्क किया गया, जो दिव्यांग जगदीश का होना सामने आया। उससे पूछताछ करने पर वह सही जगह का पता नहीं बता पा रहा था, 2 घंटे तक पुलिस टीम ने उसकी तलाश की और रात डेढ़ बजे उसे अंगारेश्वर मंदिर के समीप घाट निर्माण के लिये की गई खुदाई स्थल से खोज निकाला। दिव्यांग और उसकी सायकल को गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उसे गायत्रीनगर स्थित घर तक पहुंचाया। दिव्यांग जगदीश ने पूछताछ में उसने बताया कि वह मूलरूप से गुना का रहने वाला है। गायत्रीनगर में किराये से रहता है। रात को उसके साथ 2 दोस्त भी मंगलनाथ तक आये थे। लेकिन वह बाइक से रवाना हो गये। वह अपनी चार्जिंग सायकल से गायत्रीनगर लौट रहा था। रास्ते में बेटरी डिस्चार्ज हो गई। अंधेरा होने से रास्ता समझ नहीं आया और ब्रिज के पास से नीचे गड्ढे में आ गिरा था।

### कायथा के पास हुई दुर्घटना में घायल की 5 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** कायथा और डिंगरोदा के बीच 11 दिसंबर की रात हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल दीपक पिता शिवनारायण बैरागी 45 साल की निजी अस्पताल में पांच दिन चले उपचार के दौरान मंगलवार-बुधवार रात मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव निजी अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां परिजनों ने बताया कि दीपक लाइट फिटिंग का काम करता था। उसकी साइड उज्जैन मंछामन कालोनी में चल रही थी। 11 दिसंबर को काम करने के बाद रात में वापस बाइक से दोस्त शुभम राठौर के साथ मक्सी लौट रहा था, उसी समय कायथा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। दोस्त शुभम भी घायल हुआ था, जिसे पैर में चोंट लगी थी। दीपक गंभीर घायल हुआ था, उसके 2 बच्चे है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। जांच के लिये मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### भतीजे ने साथियों के साथ मिलकर फोडा चाची का सिर

**उज्जैन।** देवासरोड स्थित ग्राम मानपुरा में रहने वाली पेपाबाई पति प्रकाश धोलपुरे को परिजन मंगलवार रात लहूलुहान हालत में उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने सिर में गहरी चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया। पेपाबाई ने बताया कि रात में घर के समीप रहने वाले जेठ का लड़का श्याम घर के बाहर खड़ा होकर गाली-गलौच कर रहा था।

आवाज सुनकर वह बाहर आई और श्याम को गाली देने से मना किया, इसी बात उसने अपने साथी मनोज, मुकेश और एक अन्य के साथ मिलकर लाठियों से हमला कर दिया। श्याम और उसके पिता से पारिवारिक बातों को लेकर पहले भी विवाद हो चुका था। पेपाबाई के घायल होने की सूचना अस्पताल से मिलने के बाद नागझिरी थाना पुलिस ने बयान लेकर मामले में श्याम और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 478-9 | 188-7 |
| मेन बाजार | | 120-3 | 158-4 |
| कल्याण नाइट | | 488-0 | 580-3 |
| मिलन डे | | 270-9 | 235-0 |
| मिलन नाइट | | 136-0 | 260-8 |
| मधुर डे | | 338-4 | 578-0 |
| मधुर नाइट | | 128-1 | 235-0 |
| शुभांक | 1 | 5 | 8 |

रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ हुई धोखाधड़ी

# डीआरएम कार्यालय का बाबू बताकर उड़ाये 8.26 लाख

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सायबर ठगों ने रतलाम डीआरएम कार्यालय का बाबू बनकर रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी के खाते से 8.26 लाख रूपये उड़ा दिये। मोबाइल पर रूपये निकलने का मैसेज मिलने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस मोबाइल पर आये नम्बर के आधार पर ठगों का पता लगाने में जुट गई है।

महालक्ष्मीनगर में रहने वाले ललित कुमार पिता स्व. भगवतीप्रसाद शर्मा रेलवे से सेवानिवृत्त है। उन्होने पुत्र चंद्रदेव शर्मा के साथ नागझिरी थाना पुलिस को शिकायती आवेदन देकर बताया कि उनके साथ 8.26 लाख की धोखाधड़ी हुई है। 15 दिसंबर को दोपहर में उनके पास मोबाइल नम्बर 8264713864 से कॉल आया था। कॉल करने वाले अपना नाम नवीन बताते हुए कहा कि रतलाम डीआरएम कार्यालय पेंशन शाखा से बाबू बोल रहा हूं। आप अपनी संपूर्ण जानकारी जैसे पीपीओ नम्बर, माता-पिता का नाम, एटीएम के सीवीवी नम्बर बताओं ऑनलाइन अपडेट करना है, नहीं तो पेंशन रूक जायेगी। रतलाम डीआरएम से कॉल आने पर उन्होने अपनी जानकारी नवीन बाबू को बता दी। कुछ देर बाद मोबाइल पर टैक्स मैसेज मिला कि खाते से 8 लाख 26 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ है। उन्होने तत्काल नवीन बाबू के नम्बर पर कॉल किया तो बंद मिला। ललित कुमार ने बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्होने बैंक से भी संपर्क किया था तो रूपये निकालने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने शिकायती आवेदन पर मामले में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।



### सायबर ठगों ने बदला वारदात का तरीका

अब तक सायबर ठगों द्वारा लोगों को बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी बनकर ठगा और डिजीटल अरेस्ट कर ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही थी, लेकिन पिछले कुछ महिनों से सायबर ठगों ने वारदात का तरीका बदलते हुए शासकीय विभागों से सेवानिवृत्त वृद्धों को उनके कार्यालय का अधिकारी बनकर ठगा जाने लगा है। देश के अलग-राज्यों में रेलवे से सेवानिवृत्त कई कर्मचारियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होना सामने आ चुका है।

### जागरूकता अभियान के बाद भी जारी ठगी

ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी के मामलों को लेकर पुलिस से लेकर राज्य सायबर सेल द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है और सायबर ठगों द्वारा की जाने वाली जालसाजी से बचने के तरीकों और सर्तक रहकर अपनी जानकारी किसी को नहीं बताने की अपील की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम सार्वजनिक स्थानों से लेकर स्कूल कॉलेज के बच्चों के लिये आयोजित किये जा रहे है खुद के साथ अपनों का जानकारी से अवगत कराने के लिये कहा जा रहा है, बावजूद लोग सायबर ठगों में जाल में फंसकर अपना सब कुछ लुटा रहे है। सायबर ठगों से बचने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता और सर्तकता ही है।

## जिले की सीमा से बाहर भेजे जिलाबदर बदमाश





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये 8 बदमाशों को जिलाबदर किया गया था। बुधवार को पुलिस ने बदमाशों को थाने बुलाकर नोटिस तामिल कराये और जिले की सीमा से बाहर भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर मंगलवार को उज्जैन और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल 8 बदमाशों को जिलाबदर किये जाने के आदेश जारी हुए थे। बुधवार को सभी जिलाबदर बदमाशों को माधवनगर थाने बुलाया गया, जहां थाना प्रभारी राकेश भारती द्वारा आदेश तामिल करते हुए हिदायत दी कि जिलाबदर अवधि के दौरान उज्जैन जिले की सीमा के साथ देवास, आगर, रतलाम के बाहर 6 माह तक रहना होगा। अगर आदेश का उल्लघंन करते पाये गये तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी बदमाशों से आदेश तामिल कराने के बाद उन्हे शासकीय वाहन में बैठाया गया और जिले की सीमा से बाहर ले जाकर छोड़ा गया।

पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने तथा असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर, निष्पक्ष एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही की जा रही है। दिसंबर माह में 19 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस भविष्य में भी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही जारी रखेगी।

## ईओडब्ल्यू के 2 प्रधान आरक्षक डीजीसीआर से सम्मानित



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) मुख्यालय भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में उज्जैन ईकाई के 2 प्रधान आरक्षक को डीजीसीआर सम्मान से सम्मानित किया गया है। ईओडब्ल्यू महानिदेशक उपेन्द्र जैन द्वारा उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिये प्रधान आरक्षक लोकेन्द्रसिंह देवड़ा और मनोज सर्वेया को डायरेक्टर जनरल्स कमेंडेशन रोल सम्मान दिया गया। डीजीसीआर सम्मान पुलिस विभाग में कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी तथा उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए प्रदान किया जाता है। प्रधान आरक्षक लोकेन्द्र सिंह देवड़ा को यह सम्मान ईओडब्ल्यू में पदस्थ रहते हुए उनके द्वारा की गई प्रभावी जांच, महत्वपूर्ण आर्थिक अपराध प्रकरणों में उल्लेखनीय योगदान और समर्पित सेवा के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से उज्जैन जिले सहित सम्पूर्ण ईओडब्ल्यू एवं मध्यप्रदेश पुलिस विभाग गौरवान्वित हुआ है। भोपाल में आयोजि सम्मान समारोह कार्यक्रम में ईओडब्ल्यू मध्यप्रदेश के डीआईजी यूसुफ कुरैशी, ईओडब्ल्यू उज्जैन के पुलिस अधीक्षक समर वर्मा और अन्य इकाई के अधिकारी उपस्थित थे।

## बड़नगर में आबकारी की दबिश, मिली कच्ची शराब

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार सुबह बड़नगर क्षेत्र के ग्रामीणों इलाको में दबिश मारी और कच्ची शराब के साथ गुडलहन बरामद किया। सात मामले दर्ज कर जांच में लिये गये है। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन और भंडारण को लेकर विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को सुबह 6 बजे टीम बड़नगर तहसील के ग्राम सिकंदरखेड़ा, इंगोरिया, खरसौदखुर्द, सिजावदा, जहांगीरपुर पहुंची और दबिश मारी। दबिश आबकारी अधिकारी जितेन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में दी गई थी। इस दौरान सात स्थानों से 24 लीटर कच्ची शराब और शराब तैयार करने में उपयोग होने वाला 700 किलोग्राम गुडलहन बरामद किया गया। सभी सात मामलों में बड़नगर के उपनिरीक्षक कैलाश रूइबाल द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया है। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंधा के अनुसार जिले में अलग-अलग टीम लगातार अवैध शराब मामलों के साथ बाहरी मार्गो पर वाहनों की तलाशी ले रही है। नगर निगम सीमा में शराब प्रतिबंधित होने पर होटल, ढाबों पर भी सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## खंडवा जा सकती है उज्जैन पुलिस

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

नकली पुलिसकर्मी बनकर आभूषण ठगने की वारदातों को अंजाम देने वाले 2 बदमाशों को खंडवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक माह पहले उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र में हुई इसी तरह की वारदात के संबंध में बदमाशों से पूछताछ करने उज्जैन पुलिस खंडवा जा सकती है।

8 नवम्बर को नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर के समीप हेलमेट पहने 2 बदमाशों ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर वृद्धा सरोज पिता प्रेमचंद्र जैन को रोका था और खुद को पुलिसकर्मी बताकर लूटपाट का भय दिखाते हुए 7.60 लाख के आभूषण ठग लिये थे। दोनों बदमाशों का एक अन्य साथी भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वारदात में शामिल होना सामने आया था। तीनों बाइक से अलग-अलग रास्ते भाग निकले थे। ठगी की वारदात के बाद पुलिस ने आशंका जताई थी बदमाश ईरानी गैंग के हो सकते है। जिनकी तलाश लगातार जारी थी। अब सामने आया है कि 12 नवम्बर को खंडवा जिले पदमनगर थाना क्षेत्र में भी 65 साल के वृद्ध को 3 बदमाशों ने नकली पुलिस बनकर चेन और 2 अंगूठी उतरवा ली थी और फरार हो गये थे। खंडवा पुलिस ने लगातार बदमाशों को सर्च किया गया और सफलता प्राप्त कर ली। खंडवा पुलिस ने नर्मदापुरम के रहने वाली ईरानी बदमाश गटरा उर्फ अप्पा हुसैन, उर्फ अयान पिता अफसर हुसैन और कासिम पिता अफसर सैय्यद को गिरफ्तार किया है। दोनों ने अपने साथी इकबाल हुसैन के साथ अलग-अलग प्रदेशों में पुलिसकर्मी बनकर ठगी करना स्वीकार किया है। खंड़वा पुलिस के खुलासे में 3 बदमाशों द्वारा वारदात करने का सामने आने और उज्जैन में भी 3 बदमाशों द्वारा ठगी करने पर उज्जैन पुलिस पूछताछ के लिये खंडवा जा सकती है। पूरी संभावना है कि खंडवा पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाशों ने ही उज्जैन में भी वारदात को अंजाम दिया है, जिसका खुलासा बदमाशों से पूछताछ के बाद हो पायेगा।

## गिरफ्त से दूर नकली नोट की फैक्ट्री चलाने वाले 2 आरोपी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

नकली नोट की फैक्ट्री चलाकर उज्जैन-इंदौर में खपाने वाले 2 मुख्य आरोपी 12 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके। दोनों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया है। 4 दिसंबर को पुलिस ने नोटों की डिलेवरी देने वाले 2 युवको को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया था।

क्राइम ब्रांच और चिमनगंज थाना पुलिस की टीम ने 4 दिसंबर को पांड्याखेड़ी ब्रिज रेलवे पटरी के पास से हिमांशु उर्फ चीनू गौसर गऊघाट रेलवे कालोनी और दिपेश चौहान निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर के पीछे को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये गये थे। दोनों ने पूछताछ में इंदौर-उज्जैन के बीच नोट खपाने की बात कबूल करते हुए बताया था कि इंदौर अरविंदो अस्पताल के सामने श्रीगंगा विहार कालोनी के फ्लैट में नोट छापने की फैक्ट्री राजेश बरबटे और उसके साथी सोनू टेटवाल द्वारा संचालित करना बताया था। पुलिस ने फ्लैट से प्रिंटर के साथ नोट छापने की सामग्री बरामद की थी।

गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों को जेल भेजने के बाद मुख्य सरगनाओं की तलाश शुरू की थी, पुलिस अधीक्षक ने दोनों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया था। एक टीम ने उनके कई ठिकानों पर दबिश दी थी, लेकिन दोनों 12 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सके है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से भी दोनों इनामी फरार नोट कांड के सरगनाओं की तलाश में लगी है। दोनों के अन्य प्रदेश भागने की संभावना जताई जा रही है।

## शराब बेचते पकड़ाई महिला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

नीलगंगा थाना पुलिस को सर्कल भ्रमण के दौरान खबर मिली कि एकतानगर में रहने वाली महिला घर के बाहर शराब बेचने का काम कर रही है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि महिला घर के बाहर बैठी है, उसके पास बर्तन भरी कच्ची शराब है।

पुलिस ने शराब जप्त कर महिला को गिरफ्तार किया और मामले में आबकारी की धारा 34 और 49-ए का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।


### जाहिर सूचना

हर आम और खास को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कालु खां पिता स्व. इब्राहिम खां निवासी- मकान नं. 28 शास्त्री नगर, गली नं. 09 उज्जैन (म.प्र.) का होकर सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र जाफर पिता कालु खां व उसकी पत्नी अर्थात मेरी बहू सिमरन पति जाफर निवासी ग्राम सिलोदा तहसील व जिला इंदौर को मुझ जाहिर सूचनाकर्ता द्वारा उनके अनैतिक कार्यों एवं आये दिन विवाद करने के कारण अपने परिवार से अलग कर दिया है अब मेरे उक्त पुत्र व मेरी पुत्रवधु से मेरा व मेरे परिवार का कुछ भी लेना देना नही है, कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, संस्थानों अथवा अन्य किसी के भी द्वारा मेरे उक्त पुत्र व पुत्रवधु से किसी भी तरह का संव्यवहार किया जाता है तो उससे मेरा व मेरे परिवार का कुछ भी लेना देना नही होगा।
अतः सर्व साधारण सूचित हो।
इति दिनांक 10.12.2025

**अशोक माहेश्वरी एडवोकेट**
**मो.नं. 9340394341**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण 1. अनोखीलाल पिता भंवरसिंह ग्राम बगोदा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 400/1 रकबा 1.089 हेक्टेयर, 2. कन्हैयालाल पिता भंवरसिंह का सर्वे नंबर 400/2 रकबा 1.016 इस प्रकार दोनो पक्षकारगण की भूमि का कुल किता 02 कुल रकबा 2.105 हेक्टेयर कि भूमि को किराये पर लेने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त अनुबंधकर्ता, पट्टाकर्ता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्था का हक हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिकी, चार्ज, मेन्टेनेन्श या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में स्वप्रमाणित निम्नांकित पते पर सुचीत करे। समयावधि पश्चात सदर संपत्ति के पट्टा अभिलेख का पंजीयन करवा दिया जावेगा। व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही कि जावेगी।
सुचित हो ।
इति दिनांक :-

**अनिल बरोड़िया अधिवक्ता**
**मो. नं. 9827306489**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी श्री मुकेश राठौर पिता मूलचंद निवासी- 30 माली मंदिर के पास मालीपुरा उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड कमांक 14 व 15 सर्वे क्रमांक 106/1/2 रकबा 0. 146 हेक्टर में का भाग पंवासा मक्सी रोड़ उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1020 वर्गफीट अर्थात 94.76 वर्गमीटर है को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से तय किया है तथा आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भूखण्ड के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूखण्ड से संबंधित मुख्त्यारनामाआम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 05 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।
इति दिनांक 17.12.2025

**रविन्द्र सिंह रावत (सर्विस प्रोवाईडर)**
**2. त्रिवेदी कॉलोनी, गोपालपुरा ब्रिज के पास मक्सी रोड़, उज्जैन, मो.नं. 8770368336**



In The Court Of I Civil Judge Class -2
District Court, Indore

**Presiding Officer : श्रमती सृष्टि अग्निहोत्री**

संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु
प्रकरण क्रमांक (RCS A/196/2025)
सोहद्राबाई
Vs
अंतरसिंह

Process Id ................
पेशी दिनांक :- 13/01/2026

प्रेषिती -
(1) गोवर्धन पिता सिद्धनाथ परमार
पता - मकान नं. 44/1 ए ऋषि नगर, एक्सचेंज
जिला उज्जैन म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमति सोहद्राबाई पति स्व.रामचंद्र उम्र 80 निवासी ग्राम भांगिया तहसील मल्हारगंज जिला, इंदौर एवं अन्य ने आपके विरुद्ध सिविल सूट के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसजात/ हाजिर होने के लिये समन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदाये के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराये। यह आज तारीख 03.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**(श्रीमती सृष्टि अग्निहोत्री)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड, जिला इंदौर (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# संतुलन से ही शांति



सृष्टि की अभिव्यक्ति तीन स्तरों पर होती है- स्थूल, सूक्ष्म और कारण। स्थूल जगत वह है, जिसे हम अपनी इंद्रियों से अनुभव करते हैं, जैसे प्रकृति, शरीर और भौतिक वस्तुएं। यह संसार परम पुरुष की ही अभिव्यक्ति है और उनकी मधुरता से परिपूर्ण है। इसके पीछे जो सूक्ष्म जगत है, वह विचार, भावना, संवेदना और चेतना का क्षेत्र है। जो कुछ हमें भीतर से प्रेरित करता है, जो सोचने-समझने और अनुभव करने की शक्ति देता है, वही सूक्ष्म जगत है। यह परम पुरुष के और गहरे माधुर्य की झलक है।

इन दोनों के मूल में कारण जगत स्थित है। यही वह स्तर है, जहां से सृष्टि की सारी संभावनाएं जन्म लेती हैं। कारण जगत में परम पुरुष का रूप अत्यंत कोमल, शांत और आनंदमय है। उनका हंसता हुआ रूप उनकी इच्छा के अनुसार निरंतर परिवर्तनशील रहता है और पूरे ब्रह्मांड में दिव्य प्रकाश और चेतना का प्रसार करता है। परम पुरुष ही तीनों लोकों के मूल कारण और बीज हैं। जो कुछ भी अस्तित्व में है, वह उसी एक सत्ता से उत्पन्न हुआ है और अंततः उसी में विलीन हो जाता है। इस ब्रह्मांड में दूसरी कोई सत्ता नहीं है, जिसके आगे मनुष्य अपना सब कुछ अर्पित कर सके। जब मनुष्य स्वयं को सिर्फ सांसारिक सुखों के हवाले कर देता है, तो अंत में उसका जीवन खालीपन, अशांति और असंतोष से भर जाता है। सांसारिक उपलब्धियां क्षणिक आनंद तो दे सकती हैं, पर स्थायी सुख नहीं दे सकतीं। स्थायी सुख तभी संभव है, जब मनुष्य स्वयं को परम पुरुष को समर्पित करे। यह समर्पण किसी प्रकार की कमजोरी नहीं, बल्कि अहंकार से मुक्ति का मार्ग है। जब मनुष्य अपने सीमित ह्मैंह्व को छोड़कर विराट सत्ता से जुड़ता है, तभी उसके जीवन में सच्चा संतुलन आता है। सभी गतियों, प्रयासों और खोजों का अंतिम बिंदु वही परम पुरुष हैं। जीवन की हरेक यात्रा, चाहे वह भौतिक हो या आध्यात्मिक, अंततः उसी केंद्र की ओर जाती है। मानसिक और आध्यात्मिक साधना के मार्ग को चार चरणों में समझा जा सकता है- यतमान, व्यतिरेक, एकेंद्रिय और वशीकरण। जब मन कभी स्थूल और कभी सूक्ष्म की ओर भटकता रहता है, तब वह यतमान अवस्था में होता है। यह खोज और अस्थिरता की स्थिति है, जहां साधक सही दिशा की तलाश में रहता है।जब मनुष्य लाभ-हानि से ऊपर उठकर आंतरिक आनंद की ओर बढ़ने लगता है, तब व्यतिरेक अवस्था में प्रवेश करता है। जब आनंद चांदनी रात की रोशनी की तरह पूरे मन को भर दे और चेतना एक बिंदु पर टिकने लगती है, तब वह एकेंद्रिय अवस्था कहलाती है। जब साधक साधना द्वारा सभी इच्छाओं को शांत कर पूर्णता में स्थित होने के अभ्यास करता है, तो वह वशीकरण अवस्था होती है। वहां जीवन शिवमय हो जाता है।



## सम्पादकीय

# घर गिराने पर रोक

उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा दुष्कर्म के आरोपी बुजुर्ग के घर को गिराने की कार्रवाई पर रोक के गहरे अर्थ हैं। अदालत ने इतनी सर्दी में किसी घर को गिराने के कदम को उचित ही अमानवीय माना है। वैसे भी, अवैध रूप से निर्मित इमारतों को गिराने के तय कायदे-कानून हैं, जिनके पालन में चूक नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है, मई में नैनीताल में घटी दुष्कर्म की उस घटना के बाद इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैल गया था और उग्र भीड़ ने कई दुकानों व रेस्तरां में जमकर तोड़-फोड़ कर दी थी। स्थानीय नगरपालिका परिषद ने तब आनन-फानन में आरोपी के घर पर अवैध रूप से बने होने का नोटिस चस्पां कर उसे तीन दिन में खाली करने की चेतावनी जारी की थी, ताकि उसे गिराया जा सके, मगर हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से उस समय भी प्रशासन को अपनी कार्रवाई रोकनी पड़ी। नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने माना था कि अवैध निर्माण को गिराने के जो मापदंड सुप्रीम कोर्ट ने तय किए हैं, उनके मुताबिक नोटिस नहीं था और इसलिए उसे वापस ले लिया गया था। उसके बाद जिला प्रशासन ने तय मानकों के अनुरूप अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाया।

उत्तराखंड में इस प्रशासनिक तत्परता के पीछे जो भी वजहें तलाशी जाएं, मगर सार्वजनिक स्थलों के अतिक्रमण और अवैध निर्माण की कतई हिमायत नहीं की जा सकती और स्थानीय प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्रवाई करने का पूरा अख्तियार है। उसे कार्रवाई करनी भी चाहिए, क्योंकि ऐसे निमार्णों ने हमारे तमाम शहरों-कस्बों में एक अराजक स्थिति बना दी है। अभी बहुत ज्यादा दिन नहीं हुए, जब केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने उत्तराखंड सरकार को आगाह किया था कि बड़े पैमाने पर अवैध खनन, अतिक्रमण व गैर-कानूनी निर्माण उसकी कुदरती आपदा की विभीषिका को बढ़ा रहे हैं और इनको दुरुस्त करने की जरूरत है। जाहिर है, अधिकारियों की मिलीभगत से ही लोगों ने पहाड़ी इलाकों में ऐसे निर्माण किए हैं, मगर खामियाजा सिर्फ उन्हें ही भुगतना पड़ता है, जबकि अधिकारी प्रायः बच निकलते हैं। उत्तराखंड ही नहीं, बिहार में भी बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण और सरकारी भूमि के अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई जारी है। ऐसी किसी भी कार्रवाई में प्रशासनिक सख्ती के साथ संवेदनशीलता दिखनी चाहिए।

## नीति की राह पर राजनीति

# बिहार और केरल की जीत बंगाल और तमिलनाडु को करेगी भगवा

संसद में वन्देमातरम की बहस में बोलते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि भाजपा राजनीति कर रही है । निश्चित ही भाजपा राजनीति कर रही है क्यों कि राजनीतिक दल यदि राजनीति नहीं करेंगे तो क्या हरि भजन करेंगे। राजनीति से जुड़े सभी लोग राजनीति ही करते हैं और राजनीति करना पार्ट टाइम जॉब नहीं बल्कि ट्वेंटीफोर बाय सेवन की जॉब है। सभी जानते हैं कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार जीतने के बाद अब बंगाल जीतने के लिए भाजपा नीति एनडीए चुनावी मोड में आ गई है। पिछले सोमवार को संसद में वंदे मातरम पर गंभीर चर्चा हुई जो विपक्ष के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ना लगा तो सत्ता पक्ष के लिए राष्ट्रवाद के पोषण में इतिहास में की गई गलतियों को सुधारने का मौका लगा। वस्तुतः संसद में जो भी गतिविधियां होती हैं उनका प्रभाव पूरे देश पर पड़ता है। भारत के दोनों राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत बंगाल की धरती की देन हैं। एक के रचयिता गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर हैं तो दूसरे के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं। निश्चित ही संसद की इस बहस ने बंगाल के राष्ट्रवादियों को अवश्य आंदोलित किया होगा। यही नहीं बंगाल की धरती का एक-एक नागरिक इस बात से अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा होगा कि दोनों राष्ट्रगान और गीत उनकी धरती के दो सपूतों ने लिखे जिन्हें देश ने सर्वोच्च स्थान दिया। स्वाभाविक है इस बहस को दो नजरियों से देखा जा सकता है। एक तो यह कि यह बहस भाजपा की बंगाल के चुनावों में बढ़त पाने की गरज से की गई तो दूसरा यह कि राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने पर इतिहास में गीत के टुकड़े करने पर की गई गलती में सुधार हो। जो भी हो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की गीत को तुष्टीकरण के लिए छोटा किया गया। विडंबना तो यह है कि जो इस गीत को गाना आज मजहबी तौर पर कुफ्र समझते हैं उसे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आजादी के दीवानों ने बिना मजहब देख गाया और हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए। लेकिन आज हालात बदले हुए हैं, मजहबी कट्टरता इतनी है कि हर एक पक्ष अपने अपने हिसाब से इसकी व्याख्या करता है। जब जरूरत पड़ती है कभी धर्म को ला खड़ा करते हैं तो कभी संविधान को ढाल बना लेते हैं। निश्चित ही वंदे मातरम गीत आज विवाद का विषय बन गया है। संसद में सवाल खड़े किए गए कि बंगाल में चुनाव हैं तो यह विषय उठाकर एनडीए बंगाल में अपनी जमीन पुख्ता करना चाहती है अन्यथा इस विषय पर विवाद खड़ा करने का कोई औचित्य नहीं है। किंतु सवाल इस बात का है कि जब वंदे मातरम गीत के 150 साल पूरे हुए हैं तो उसके बारे में चर्चा करना गैरजरूरी क्यों माना जाए। आज मौका भी है और दस्तूर भी है। पश्चिम बंगाल आज आंदोलित है। एक ओर जहां मुसलमान बंगाल में अपनी एकता और ताकत दिखा रहे हैं तो दूसरी ओर हिंदुत्ववादी राज्य विधानसभा चुनाव के पहले गीता पाठ का आयोजन कर हिंदू एकता के लिए प्रयास कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि राजनीतिक हानि लाभ के चश्मे से पक्ष और विपक्ष दोनों मुद्दों में सफलता की तलाश में हैं। पिछले 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में जहां एक ओर हुमायूं कबीर ने बाबर के भूत को जीवित कर हजारों मुसलमानों की उपस्थिति में कथित बाबरी मस्जिद की ईंट रखी तो वहीं 7 दिसंबर को हिंदुओं की एकता और गौरव के अलख को जगाने के लिए बागेश्वरधाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने लाखों हिंदुओं के साथ गीता पाठ का आयोजन किया। स्पष्ट है इन दोनों आयोजनों ने बंगाल की जनता को भावी राजनीतिक परिदृश्य में भूमिका के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। पश्चिम बंगाल में 2011 की जनगणना के अनुसार मुसलमानों की आबादी 27 प्रतिशत है जबकि हिंदुओं की आबादी 70.5 प्रतिशत है। राज्य में विधानसभा में सीटों की संख्या 294 है। इनमें से लगभग 80 से 90 सीटें मुस्लिम बहुल हैं। स्वाभाविक है इन सीटों पर कथित बाबरी मस्जिद के निर्माण का मुद्दा हुमायूं कबीर के पक्ष में जाएगा। टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर न केवल भाजपा बल्कि टीएमसी के विरुद्ध ताल ठोक रहे हैं। उनका यह कहना है कि वह नई पार्टी बना रहे हैं और लगभग 135 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उनका तो यहां तक कहना है कि 2026 के चुनाव में उनकी पार्टी भाजपा और टीएमसी दोनों को सत्ता में आने से रोक देगी और वे किंग मेकर की भूमिका निभाएंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि बाबरी की ईंट रखने में ममता की परोक्ष स्वीकृत है और हुमायूं कबीर को निलंबित करना एक दिखावा है। जो भी हो इतना तय है कि ममता की राजनीति की इमारत हिल रही है और यह आसन्न चुनाव में भरभरा कर गिर जाए तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत आने वाले अन्य प्रदेशों के चुनावों पर बहुत बड़ा असर डालेगी। जहां एक ओर निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया जनसाधारण को मतदाता सूची के शुद्धिकरण में पसंद आ रही है वहीं सामान्य तौर पर विरोधी दलों के मुस्लिम तुष्टिकरण के प्रति नाराजी दिखाई दे रही है। बिहार में मुसलमानों ने ओवैसी को अपना समर्थन देकर स्पष्ट किया कि वह अब उन दलों के साथ खड़े नहीं होंगे जो मुस्लिम वोटों की वोटबैंक की राजनीति का लाभ उठाकर सत्ता में आते हैं लेकिन बाद में उनके हितों की अनदेखी करते हैं। वही हिंदू वोटो का ध्रुवीकरण भी विपक्ष के तथाकथित धर्मनिरपेक्षतावाद के विरुद्ध दिखाई दे रहा है। पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव में यही स्थिति देखने को मिले तो ज्यादा आश्चर्य नहीं होगा। जैसा अनुमान है यदि हुमायूं कबीर ओवैसी के साथ मिलकर मुस्लिम वोटों को ममता बनर्जी के खैमे से अलग कर पाए और हिंदू मतदाता एनडीए के पक्ष में खड़े हो गए तो पश्चिम बंगाल से ममता के पांव उखड़ने में देर नहीं लगेगी। इन सभी समीकरणों को देखकर ही मुसलमान राजनेता और हिंदू धर्म प्रचारक और राजनेता जी तोड़ मेहनत करते दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं कि 2014 के बाद देश की जनता की 80 फीसद हिंदू आबादी हिंदुत्व के प्रति बहुत संवेदनशील बनी है जिसका प्रभाव चुनावों पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। भाजपा और उसके समर्थक एनडीए के दलों के प्रति जिस तरह का सकारात्मक भाव और मतदान व्यवहार दिखाई दे रहा है वह स्पष्ट करता है कि आगामी विधानसभा चुनावों में एनडीए का पलड़ा भारी रह सकता है। अभी पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होना हैं। इनमें हिंदूवादी शक्तियों को पहले की तुलना में ज्यादा समर्थन मिलता दिख रहा है इसका ताजा उदाहरण केरल में स्थानीय निकायों में भाजपा नीति एनडीए की चमकीली जीत है।



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया
(दैनिक अवन्तिका)

# म्हारी पीढ़ी अर बाजार

पहला दिन कोई त्योहार को कोनीं थो, पर गाँव में सन्नाटो ऐसा पसरो ज्यूँ सावन बिना बदरा आ ग्यो हो। सूरज भी आधो-आधो निकळ्यो, ज्यूँ सरकारी काम–न पूरा, न बंद। म्हारी पीढ़ी म्हारो हाथ पकड़ के बोली, -बाबा, चालो बाजार।- मैं समझ ग्यो–यह सैर को न्यौतो कोनीं, यह हालात को इम्तिहान है। कच्ची सड़क पर चलते-चलते पीढ़ी पूछे, -बाबा, बाजार में सब मिल जावै?- मैंने कहा, -हाँ बेटी, सब मिल जावै–दाम, भाषण, आश्वासन, अर सपनाङ्क बस जो कोनीं मिलै, वो है पेट भर की चीज।- गाँव पीछे छूट ग्यो, पर उसके साथ छूट गी फुर्सत। अब हर कदम पे हिसाब थो–कदम भी नाप-तौल के धरना पड़ै, क्यूँकि जमीन भी महँगी हो गी है। पीढ़ी की आँखां में चमक थी, मेरी आँखां में अनुभव–दोनों का मेल ऐसा ज्यूँ मीठे में नमक पड़ ग्यो हो। बाजार पहुँचे तो दुकानों की रौशनी आँखां चुभै। दाल की बोरी ऐंठ काढ़ के खड़ी, ज्यूँ कहै--म्हे देख, म्हे अब रोज-रोज को खाना कोनीं।- तेल इठलायो--म्हारो भाव देख, म्हे अब पूजा में ही चढ़ाया जाऊं।- सब्जी हँस के बोली--आज मत छुओ, आज म्हारो मूड महँगो है।- पीढ़ी अचरज सूं देखे--बाबा, चीजां बोल क्यूँ रिया?- मैंने कहा, -बेटी, जब आदमी चुप हो जावै, तब चीजां बोलण लाग जावै।- दुकानदार तराजू कम, बहाना ज्यादा तौले। हर भाव के साथ एक कहानी–कभी मौसम, कभी सरकार, कभी दुनिया। पर सच्चाई बस इतनी–गरीब अब ग्राहक कोनीं, आँकड़ा है। पीढ़ी ने एक खिलौना देख्यो, हाथ बढ़ायो, फिर खींच लियो–क्यूँकि कीमत पढ़ ली थी। मैं उस पल समझ ग्यो–बचपन सबसे पहले बाजार में मरै।

आगे नदी आई। पीढ़ी बोली, -बाबा, पानी क्यूँ कोनीं?- मैंने कहा, -नदी अब कागज में बहै है।- किनारे किसान बैठो थो–देह पत्थर, आँखां में सूखा। बोल्यो, -सब ठीक है साब, योजना चालू है।- मैं समझ ग्यो–जहाँ सब ठीक बतावै, वहाँ असल में कुछ भी ठीक कोनीं। खेतां में फसल कोनीं, पर बोर्ड लगे--उन्नत कृषि योजना।- बैल बूढ़ा हो ग्यो, पर कर्ज जवान। किसान की आवाज इतनी धीमी कि हवा भी सुनै तो शरमा जावै। पीढ़ी पूछे--ये अंकल दुखी क्यूँ?- मैं बोला--क्यूँकि ये धरती सूं जुड़ा है, अर धरती आजकल किसी सूं जुड़ती कोनीं।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 दिसंबर 2025 गुरुवार
सूर्योदय - 07:06 सूर्यास्त 17:42
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 04:59 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - अनुराधा 20:07 उपरांत ज्येष्ठा
योग - धृति 15:06 उपरांत शूल
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 26 तारिख

**मेष-** रोजगार में वृद्धि होगी। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा।

**वृषभ-** प्रमाद से बचें। दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**मिथुन-** खर्चों में कमी करना होगी। व्यापार में सही निर्णय नहीं लेने से हानि हो सकती है।

**कर्क-** शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। थकान रहेगी। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है।

**सिंह-** माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी।

**कन्या-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुला-** जोखिम न लें। आवास संबंधी समस्या रहेगी। रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी।

**वृश्चिक-** पूर्व में किए गए कार्यों का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी।

**धनु-** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबरें मिलेंगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर-** व्यापार अच्छा चलेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा। भव है। सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

**कुंभ-** राजकीय सहयोग मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन-** राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# धुरंधर और बदलता भारतीय सिनेमा विमर्श : कथा, सच और असहज सवाल

धुरंधर कोई साधारण फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा, मीडिया और नैरेटिव इकोसिस्टम पर एक वैचारिक हस्तक्षेप है–जो यह पूछने का साहस करता है कि आखिर भारत की कहानी किसके हाथ में रही है? भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ फिल्में केवल मनोरंजन नहीं होतीं, वे समय का दस्तावेज बन जाती हैं। धुरंधर उसी श्रेणी की कृति है। यह फिल्म किसी एक घटना की कथा नहीं कहती, बल्कि दशकों से निर्मित उस वैचारिक ढाँचे पर प्रश्न उठाती है, जिसके माध्यम से दर्शक को यह तय करके दिखाया जाता रहा कि उसे क्या देखना, क्या समझना और क्या भूल जाना चाहिए। यह लेख किसी फिल्म-समीक्षा से अधिक, उस समसामयिक विमर्श का विश्लेषण है, जिसे धुरंधर ने अनायास ही देशव्यापी बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है।



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

सिनेमा बनाम नैरेटिव : बीते सात दशकों में बॉलीवुड ने इतिहास, आतंक और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों को अक्सर रोमांटिक धुंध में प्रस्तुत किया। मुगल काल को प्रेम-कथाओं और भव्य दरबारों तक सीमित किया गया, वहीं सीमा-पार प्रायोजित आतंकवाद को गलतफहमी, मानवीय भावनाओं और भाईचारे की चाशनी में लपेट दिया गया। यह सिनेमा नहीं, बल्कि एक सॉफ्ट नैरेटिव प्रोजेक्शन था–जिसमें असहज सत्य को या तो सुंदर बना दिया गया या अदृश्य।धुरंधर इस परंपरा को तोड़ती है। यह फिल्म दर्शक से सहमति नहीं माँगती, बल्कि साक्ष्य प्रस्तुत करती है। बिना धर्म का नाम लिए, आतंक का चेहरा :फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह कहीं भी धर्म या आम नागरिकों को कठघरे में खड़ा नहीं करती। इसका फोकस स्पष्ट है– आतंकवादी राज्य की संरचना , अंडरवर्ल्ड-आतंक-राजनीति की आपसी साँठगाँठ , खुफिया युद्ध का अदृश्य मोर्चा, सूचना को हथियार बनाने की रणनीति , यही कारण है कि इस पर लगाए जा रहे आरोप–फलाँ विरोधी, ढाँचागत पक्षपात–समीक्षा नहीं, बल्कि असुविधा की प्रतिक्रिया अधिक प्रतीत होते हैं।

प्रदर्शन जो बयान बन जाते हैं: अक्षय खन्ना का अभिनय शोर नहीं करता, वह चीरता है। एक ठंडा, विश्लेषणात्मक और घातक संयम–जो पर्दे से उतरकर दर्शक की चेतना तक पहुँचता है। आर. माधवन का किरदार संवादों से नहीं, मौन से डर पैदा करता है। यह अभिनय नहीं, रणनीतिक प्रस्तुति है। रणवीर सिंह ने अपने स्थापित स्टार-सुरक्षित दायरे से बाहर निकलकर यह साबित किया है कि अभिनेता का धर्म केवल लोकप्रियता नहीं, बल्कि सत्य के प्रति जोखिम उठाने का साहस भी है। निर्देशक की दृष्टि: मनोरंजन नहीं, हस्तक्षेप आदित्य धर यहाँ निर्देशक कम, और विचारक अधिक दिखाई देते हैं। उरी जैसी अनुशासित कथा संरचना वृत्तचित्र जैसी तथ्यपरक ईमानदारी और एक नागरिक का आक्रोश हर फ्रेम यह संकेत देता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस से अधिक बौद्धिक और सांस्कृतिक स्पेस में हस्तक्षेप करने आई है। क्यों घबराया नैरेटिव इकोसिस्टम?धुरंधर की असली चुनौती इसकी कहानी नहीं, बल्कि इसका नियंत्रण से बाहर होना है।

यह फिल्मः तयशुदा वैचारिक एकाधिकार को तोड़ती है दर्शक को स्वयं निष्कर्ष तक पहुँचने का अधिकार देती है और यह याद दिलाती है कि राष्ट्र केवल सीमाओं पर नहीं, कहानियों में भी सुरक्षित किया जाता है इसीलिए आलोचना तीखी है, प्रतिक्रियाएँ असहज हैं और सोशल मीडिया पर असंतुलन स्पष्ट दिखता है। एक फिल्म, एक क्षण : धुरंधर पर सहमत या असहमत हुआ जा सकता है–लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह फिल्म याद दिलाती है कि भारत केवल एक युद्ध सीमा पर नहीं लड़ रहा, बल्कि दूसरा युद्ध अपने ही नैरेटिव स्पेस में भी जारी है। यदि सिनेमा समाज का दर्पण है, तो धुरंधर वह शीशा है जिसमें पहली बार बिना फिल्टर के चेहरा दिखाई देता है।

# अमरूद रोगो को भगाने में गुणकारी है कैसे?



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

शरीर को पोषण और ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए फलों का सेवन उत्तम माना गया है। यदि सप्ताह में एक दिन अन्न व नमक का सेवन न करते हुए केवल फल और दूध का सेवन किया जाए, तो यह शरीर और स्वास्थ्य के लिए गुणकारी होगा। हमें मौसम के अनुसार प्रतिदिन किसी एक फल का सेवन अवश्य करना ही चाहिए । इस दृष्टि से अमरूद शरद ऋतु का एक प्रमुख फल है, इसे जामफल भी कहते हैं। भारत के लगभग सभी प्रांतों में अमरूद पाया जाता है यह अमेरिका से आया हुआ-- ऐसा फल है, जो भारतीय फल नहीं है। हमारे देश में यह कब और कैसे? आया, इसकी सही जानकारी का अभाव है। किंतु यह अनुमान है कि 16 वीं शताब्दी में स्पेनवासी इसे अपने साथ लाए थे। 17वीं शताब्दी के भारतीय ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है।

अमरूद या जामफल की प्रकृति न गर्म एवं न ठंडी होती है। अमरुद दो रंग के होते हैं--सफेद ओर गुलाबी। यह दोनों ही प्रकार के मीठे, स्वादिष्ट एवं गुणकारी होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार अमरुद वात, पित्त, कफ का शमन करने वाला शीतल, चिकना, रुचिकर, तुष्टि देने वाला, वीर्यवर्धक, भारी शरीर की अतिरिक्त ऊष्णता नष्ट करने वाला, स्फूर्ति व शक्तिदायक, रक्तवर्धक व कब्ज नष्ट करने वाला फल है। अमरुद में प्रोटीन, वसा, खनिज लवण, कार्बोहाईड्रेट, विटामिन ए, विटामिन सी तथा पेप्टिन इंजॉइम भी पाया जाता है। यह विटामिन सी का मुख्य स्त्रोतहोने के कारण सर्दी में शरीर की रक्षा करता है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है, कि अमरुद का गरीबों का सेवफल है, क्योंकि इसके गुणों के साथ यह सस्ता और अधिक पौष्टिक फल है। इसके साथ विटामिन सी की मात्रा 29.9 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम है जबकि सेब में ने यह मात्रा केवल 2 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम . होती है। इसी प्रकार अमरुद में 100 ग्राम से 66 कैलोरी ऊर्जा मिलती है जबकि सेब से 56 कैलोरी। इसके अतिरिक्त अमरूद में 15 प्रतिशत प्रोटीन, 0.2 प्रतिशत वसा, 14.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट , 0.01 कैल्शियम, 0.04 प्रतिशत फास्फोरस ओर 1.0 प्रतिशत आयरन होता है।

अमरूद की प्रकृति शीतल एवं भारी होती है ,इसलिए इसे रात को सेवन नहीं करना चाहिए। यहां यह स्पष्ट है कि प्रतिदिन खाने के बाद ताजे पके अमरूद को काटकर उस पर भुना जीरा, काली मिर्ची और पिसा नमक छिड़ककर खाना चाहिए। यह सभी औषधि संबंधी जानकारी है । परंतु इन बातों का उपयोग करने से पूर्व किसी डॉक्टर या विशेषज्ञ की सलाह लिए जाना उचित रहेगा।*अमरूद को विभिन्न रोगों में गुणकारी होने से सेवन किया जा सकता किया हैं

अमरूद की सब्जी कब्जियत को समाप्त करने की अचूक औषधि मानी जाती है।

सुबह शाम एक अमरूद भोजन के पश्चात खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है।- # शरीर में शक्ति व स्फूर्ति को बढ़ाने के लिए अमरूद के 50 ग्राम गुदे में 10 ग्राम शहद मिलाकर खाना चाहिए।

भूख बढ़ाने के लिए प्रातः खाली पेट 10 ग्राम अमरूद के ताजे पत्तों के रस के साथ पीसी मिश्री 10 ग्राम मिलाकर 21 दिन सेवन करने से भूख बढ़ती है ,और शरीर के सौंदर्य में वृद्धि होती है।

अमरूद खाने या इसके पत्तों का रस पिलाने से भांग का नशा कम हो जाता है।

आधे शरीर के दर्द में सूर्योदय के पूर्व कच्चा अमरुद घिसकर लेप करना चाहिए।


अमरूद के सेवन से अजीर्ण तथा गैस दूर होने के साथ ही अपच तथा आफरा के लिए उत्तम औषधि मानी जाती है।

विटामिन सी अधिक होने के कारण अमरूद के सेवन से सर्दी जुकाम से बचाव एवं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## धर्म-आस्था

# काशी की पंचकोशी परिक्रमा – मोक्ष की पदयात्रा

काशी केवल एक नगर नहीं है। यह ईंट-पत्थरों से बनी बस्ती नहीं, बल्कि चेतना की वह धारा है, जहाँ जीवन और मृत्यु दोनों एक साथ चलते हैं। काशी वह भूमि है जहाँ सांस लेना भी साधना है और चलना भी उपासना। यहाँ आने वाला व्यक्ति यात्री नहीं रहता, वह यात्रा स्वयं बन जाता है। इसी काशी में सदियों से चली आ रही एक अद्भुत आध्यात्मिक परंपरा है – पंचकोशी परिक्रमा। यह परिक्रमा शरीर की थकान नहीं, आत्मा की शुद्धि का मार्ग है। यह चलना नहीं, अपने भीतर लौटना है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

पंचकोशी – पाँच कोस की नहीं, पाँच अवस्थाओं की यात्रा पंचकोशी परिक्रमा का शाब्दिक अर्थ है – पाँच कोस की यात्रा। लगभग पंद्रह किलोमीटर लंबा यह मार्ग देखने में छोटा लगता है, पर अनुभव में यह जन्मों की दूरी तय कराता है। मान्यता है कि काशी पाँच कोस के क्षेत्र में बसी वह दिव्य भूमि है, जिसे स्वयं भगवान शिव ने त्रिशूल पर धारण कर रखा है। यहाँ की हर धूल, हर कण, हर स्पंदन में शिवत्व समाया है।

पंचकोशी परिक्रमा में श्रद्धालु प्रायः नंगे पाँव चलते हैं। यह नंगापन शरीर का नहीं, अहंकार का त्याग है। यह स्वीकार है कि प्रभु के सामने हम केवल यात्री हैं – न पद, न प्रतिष्ठा, न पहचान। यात्रा का प्रारंभ – मृत्यु से मुक्ति का द्वार परिक्रमा का आरंभ मणिकर्णिका घाट से माना जाता है। यही वह स्थान है जहाँ मृत्यु अंत नहीं, आरंभ बन जाती है। जहाँ चिताएँ जलती हैं, पर भय नहीं जलता – बल्कि भय स्वयं भस्म हो जाता है। मणिकर्णिका से निकलकर परिक्रमा यह सिखाती है कि

जो मृत्यु को स्वीकार कर लेता है, वही जीवन को समझ पाता है। यहाँ खड़े होकर व्यक्ति समझता है कि शरीर नश्वर है, पर आत्मा अजर है। यही बोध पंचकोशी यात्रा की पहली सीढ़ी है।

कर्णेश्वर – सुनने की कला अगला पड़ाव है कर्णेश्वर। यह स्थान केवल मंदिर नहीं, एक प्रतीक है – श्रवण का। कहा जाता है कि यहाँ व्यक्ति को अपने भीतर की आवाज सुनाई देती है। जीवन भर बोलते बहुत हैं, पर सुनते कम हैं –

न दूसरों को, न स्वयं को, न ईश्वर को।

कर्णेश्वर हमें सिखाता है कि जब तक हम सुनना नहीं सीखते, तब तक समझना संभव नहीं। यहाँ परिक्रमा करने वाला मन ही मन मौन धारण करता है। शब्द थक जाते हैं और अनुभूति बोलने लगती है। भीमचंडी – शक्ति का साक्षात्कार

इसके बाद आता है भीमचंडी का क्षेत्र। यह स्थान शक्ति का प्रतीक है – वह शक्ति जो बाहुबल नहीं, आत्मबल है। भीमचंडी हमें याद दिलाती हैं कि भक्ति निर्बलता नहीं, सबसे बड़ा साहस है।

यहाँ व्यक्ति अपने डर, अपनी कमजोरियों और अपने अपराधबोध को प्रभु चरणों में रख देता है।

यह वह क्षण होता है जहाँ मन हल्का होने लगता है। जहाँ आत्मा स्वीकार करती है कि मैं अपूर्ण हूँ, फिर भी स्वीकार्य हूँ। रतिकरणी – जीवन का संतुलन परिक्रमा का अगला पड़ाव है रतिझकरणी। यह नाम ही अपने आप में गहरा अर्थ समेटे है। यह स्थल सिखाता है कि मोक्ष का अर्थ जीवन से पलायन नहीं है। भोग और योग के बीच संतुलन ही भारतीय दर्शन का मूल है। रति करणी बताती है कि संयम का अर्थ दमन नहीं, और भक्ति का अर्थ संसार से नफरत नहीं।

यहाँ समझ आता है कि जीवन के रस को स्वीकार करते हुए भी आत्मा को शुद्ध रखा जा सकता है। कपिलधारा – अंतर्मन का स्नान

पंचकोशी परिक्रमा का अंतिम पड़ाव है कपिलधारा। यह जलधारा केवल शरीर को नहीं, स्मृतियों को धोती है।

यहाँ पहुँचते-पहुंचते यात्री थका होता है, पर मन आश्चर्यजनक रूप से शांत होता है। कपिलधारा पर खड़े होकर ऐसा लगता है जैसे भीतर कुछ उतर गया है – कोई बोझ, कोई अपराध, कोई अधूरापन। यह स्नान जल का नहीं, भाव का होता है। यहाँ व्यक्ति स्वयं को क्षमा करता है। मोक्ष का अर्थ – मृत्यु के बाद नहीं, जीवन में पंचकोशी परिक्रमा का उद्देश्य केवल मृत्यु उपरांत मोक्ष नहीं है। इसका असली फल है – जीते जी मुक्ति। यह यात्रा सिखाती है कि जब इच्छाएँ शांत हो जाती हैं, जब तुलना समाप्त हो जाती है, जब अहंकार पिघल जाता है – तभी मोक्ष घटित होता है।

काशी में कहा जाता है कि जो श्रद्धा से पंचकोशी परिक्रमा करता है, उसे काशी में मोक्ष पुण्य प्राप्त होता है। पर उससे भी बड़ा सत्य यह है कि उसका जीवन स्वयं हल्का हो जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्डर्ड- 1,32,000, रवा- 1,32,000 चांदी-टंच- 1,928,000 पाट- 1,91,700।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**




## ग्राम छापरिया में शिशु मंदिर में आयोजित हुआ सप्त शक्ति संगम

**सुसनेर।** मंगलवार को विद्या भारती ग्रामीण शिक्षा मालवा प्रांत के ग्राम भारती शिक्षा समिति आगर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर छापरिया में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती देवबाई एवं संयोजिका श्रीमती शांताबाई ने की। अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ सप्तशती संगम कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे सुश्री अनुराधा शर्मा श्रीमद् भागवत कथा वाचक पायली के द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुमारी सुश्री मीनाक्षी जाट ने अपने संबोधन में भारत के विकास में महिलाओं के योगदान विषय का प्रतिपादन किया। अतिथि परिचय श्रीमती उमेद शर्मा ने कराया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनीता दामडीया के द्वारा किया। प्रश्नोत्तरी बढ़िया की दीदी श्रीमती धनवंतरी जानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार विद्यालय की पूर्व छात्रा उमा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट माता का सम्मान श्रीफल एवं पुरस्कार देकर किया गया। गांव की पधारी माता के द्वारा अनुभव कथन कहा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाये, विद्यालय की छात्र छात्राएं एवं स्टॉप उपस्थित था। उक्त जानकारी बड़ीया विद्यालय की दीदी कुमारी रानू सिसोदिया ने दी।

### बाल मेले से हम उद्यमिता के शुरूआती पाठ सीखते है:शर्मा

## शास्त्री स्मृति मावि स्कूल में वार्षिक शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में बोले तहसीलदार आकाश शर्मा




**सारंगपुर।** मेले का नाम सुनते ही मन प्रफुल्लित हो जाता है। मेले से हम सीखते है, एक दूसरे में उत्साह बढ़ाना। जब बच्चे मेले मे स्टॉल लगाते है और अपनी चीजे बेंचते है तो हमें थोड़ी कमाई होती है, और इसी से हम उद्यमिता के शुरूआती पाठ सीखते है। यह बाल मेला हमें आत्मनिर्भर,रचनात्मक और मिलनसार बनाता है। उक्त उदगार सारंगपुर तहसीलदार आकाश शर्मा ने स्थानीय शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में वार्षिक शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित बाल मेले के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्या अतिथि द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रबंधक रमेश चंद्र जोशी ने की। मुख्य अतिथि एवं अतिथि द्वारा प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया। इस बाल मेले मे बच्चों के द्वारा 35 स्टॉल लगाई गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्या सुमन जोशी, वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी, संतोष जैन, केसरिमल टेलर, आंनद उपाध्याय, शैलेन्द्र जोशी, कृष्णाकांत बामनिया, रविंद्र जोशी आदि शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## 21 दिसंबर को जन क्रांति न्याय आंदोलन को लेकर जन सम्पर्क



**सारंगपुर।** विगत 13 जुलाई को हरदा में हुए राजपूत समाज पर लाठी चार्ज के विरोध में करणी सेवा परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में जो 21 दिसंबर को जन क्रांति न्याय आंदोलन होने जा रहा है, जिसमें सारंगपुर में जनसंपर्क किया एवं मोहन बडोदिया तहसील से दो राजपूत युवा पैदल यात्रा शुरू की। नरेंद्र सिंह राजपूत, राहुल सिंहराजपूत एवं सारंगपुर तहसील के जाने-माने डेंजर दरबार भी इस यात्रा में सारंगपुर तहसील से सम्मिलित हुए। इन सभी का सारंगपुर टीम के द्वारा रोड शो एवं कई जगहों पर स्वागत किया गया। यह रैली आगर रोड से शुरू हुई महाराणा प्रताप चौराहा पर पहुंची। जहां महाराणा प्रताप को माला पहनाई गई, बस स्टैंड से होते हुए आकोडिया रोड से हाईवे तक 2.5 किलोमीटर यात्रा निकाली गई, जिसमें सारंगपुर तहसील के सैकड़ो करनी सैनिक शामिल हुए। यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में राजगढ जिला अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह मुंवालिया एवं भीम सिंह बना डूंगरगांव। यात्रा के प्रभारी विष्णु सिंह सोनगरा एवं तहसील अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह की पूरी टीम के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई। सारंगपुर तहसील मिडिया प्रभारी विजयराज सिंह सोलंकी से बात करने पर यात्रा के बारे में सॉरी बात पता चली करणी सैनिक 20 दिसम्बर को हरदा के लिए निकलेंगे।

## पौसी दशमी का तीन दिवसीय मेला का आयोजन

**मक्सी।** मक्सी के प्रसिद्ध आनंद जी कल्याण जी पेड़ी के जैन श्वेतांबर मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौसी दशमी का तीन दिवसीय भव्य मेला आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र सहित आसपास के गांवों और नगरों से हजारों की संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने प्रथम तीर्थंकर भगवान पारसनाथ के चरणों में केसर अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा धर्म लाभ प्राप्त किया। मेले की शुरूआत पुराढीक काल से भावसार समाज की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाज के सदस्यों ने मंगल मंत्रोच्चार और भक्ति भाव से भगवान की आराधना की, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात जैन समाजजनों ने भी क्रमबद्ध रूप से पूजा कर पुण्य लाभ लिया।पोसी दशमी के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया । धार्मिक , भजन-कीर्तन और जयकारों से माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालुओं ने उपवास, दान-पुण्य और सेवा कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### देवास में धरना देने रेलवे ट्रैक पर पहुंचे ग्रामीण

# अंडरब्रिज की मांग, खेत-श्मशान जाने को 20 किमी लंबा चक्कर; पुलिस ने रोका आंदोलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

जिले की ग्राम पंचायत अजीतखेड़ी के ग्रामीण बुधवार को रेलवे अंडरब्रिज की सालों पुरानी मांग को लेकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। रेल रोकने की आशंका को देखते हुए पहले से ही रेलवे और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाइश देकर आंदोलन शांत कराया।

ग्रामीणों ने एक दिन पहले मंगलवार को जनसुनवाई में अंडरब्रिज की मांग को लेकर आवेदन दिया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे रेलवे ट्रैक पर आंदोलन करेंगे। इसी कड़ी में बुधवार को ग्रामीण ट्रैक के पास एकत्र हुए।



### खेतों तक नहीं रास्ता

ग्राम पंचायत अजीतखेड़ी के सरपंच प्रभु सिंह सोलंकी ने बताया कि देवास-मक्सी रेलवे लाइन गांव की आबादी के बीच से गुजरती है, जिससे गांव दो हिस्सों में बंट गया है। रेलवे लाइन के दूसरी ओर किसानों की कृषि भूमि है, लेकिन वहां पहुंचने के लिए न तो सुरक्षित अंडरब्रिज है और न ही कोई ऑप्शनल मार्ग।

### 10-11 साल से बंद पड़ा पुराना पुल

सरपंच के अनुसार, पहले बना पुल पिछले 10झ11 वर्षों से बंद है। पुल के नीचे गंदे नाले का पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन संभव नहीं है। रेलवे लाइन के उस पार करीब 70झ80 सर्वे नंबरों की कृषि भूमि है, जहां पहुंचने के लिए किसानों को 20-21 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है।

### खेती और अंतिम संस्कार में परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि लंबा चक्कर लगाने के कारण कई किसान खेती छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। इसके अलावा श्मशान घाट भी रेलवे लाइन के उस पार है, जिससे अंतिम संस्कार के समय भी भारी दिक्कत होती है। रेलवे लाइन के कारण प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़क भी आधी-अधूरी रह गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे दो बार रेलवे विभाग रतलाम, कलेक्टर, सांसद और विधायक को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

### स्वीकृति के बाद होगी कार्रवाई- रेलवे अधिकारी

रेलवे के सीनियर इंजीनियर शुशांत भारती ने बताया कि ग्रामीण रेलवे ट्रैक के नीचे अंडरपास की मांग कर रहे हैं। सरपंच और विधायक के माध्यम से आवेदन रतलाम मंडल भेजा गया है, जहां से प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और फिलहाल ऑप्शनल व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर का विरोध, नागरिक बोले बिना सहमति लगाए जा रहे मीटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

शहर में बिजली विभाग के कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति और गृहस्वामियों की सहमति के घरों में प्रवेश कर रहे हैं। विरोध करने वालों पर उल्टा कानूनी कार्रवाई की बात की जा रही है। कई लोगों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिलों में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। जबकि यदि कोई उपभोक्ता नियमित रूप से बिल जमा कर रहा है, उस पर कोई बकाया नहीं है और उसका इलेक्ट्रिक मीटर ठीक है, तो उसे स्मार्ट मीटर लगवाने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। कानून के अनुसार, उपभोक्ता की लिखित सहमति के बिना जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सकता। नागरिकों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के घरों पर पहुंचकर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगवा रहा है। लोगों इस लूट में बिजली विभाग के अधिकारियों से लेकर ऊर्जा मंत्रालय और सरकारों की भी संलिप्तता का आरोप लगाया। कुछ जानकारों ने उपभोक्ताओं को सलाह दी कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराएं। ऐसा ही



उदाहरण सामने आया है जिसमें रुकमा बाई भंवरलाल निवासी सुदर्शन नगर वार्ड क्रमांक 16 ने बताया कि कल कुछ लोग हमारे घर में बिना अनुमति के घुस गए तथा हमारा बिजली का मीटर जो की चालू हालत में था उसको निकाल कर दूसरा मीटर लगा दिया है, जब मुझे पडोसी ने बताया कि आपके यहां ऐसा हो रहा है तो मैंने उनको मना किया, लेकिन वह नहीं माने और जबरदस्ती मेरे यहां पर दूसरा मीटर लगा दिया तथा मुझे किसी भी प्रकार की कोई जानकारी भी नहीं दी कि, मेरे मीटर में कितनी रीडिंग है तथा नए मीटर में कितनी रीडिंग है। इससे मुझे लग रहा है कि कुछ गडबड है। इधर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है, बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती, एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं, ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे ऊर्जा की खपत को बेहतर बना सकते हैं और ऊर्जा की खपत को कम करने से पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है।

### बोले जिम्मेदार

किसी भी व्यक्ति के घर अगर स्मार्ट मीटर लगेगा तो यह उस घर वालों की सहमति से ही लगेगा। बिना सहमति के मीटर नहीं लगाया जाएगा।

**उमेश मिश्रा, जेई, विद्युत वितरण कंपनी सारंगपुर।**

## फर्जी केसीसी बनाकर खाद निकालने वाले सहकारी समिति संस्था प्रभारी को निलंबित करने दिए निर्देश

### संस्था प्रभारी के वेतन से होगी वसूली

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवाद से समाधान कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है। इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता आमने-सामने बैठकर शिकायतों का समाधान करते हैं। इस सप्ताह सहकारिता विभाग से संबंधित 6 शिकायतों की समीक्षा की गई है। यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है। संवाद से समाधान ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है। मंगलवार को आयोजित संवाद से समाधान कार्यक्रम में शिकायतकर्ता भगवान सिंह ग्राम नरभापुरा द्वारा बताया गया कि आवेदक को सोसायटी द्वारा खाद नहीं दिया जा रहा हैं। जिससे आवेदक को काफी समस्याएं हो रही है। शिकायत पर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया कि शिकायतकर्ता का 6 हजार 542 रुपए सोसायटी का बकाया हैं। जिससे उन्हे खाद नहीं दिया जा रहा हैं। कलेक्टर ने 6 हजार 542 रुपए रेडक्रास से सोसायटी में जमा करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता भगवान सिंह पंवार ने बताया कि सहकारी समिति आमलाबे में उन्होंने नगद राशि जमा की थी। किन्तु आज तक संस्था द्वारा उन्हे राशि वापस नहीं कि जा रही है। राशि नहीं मिलने से उन्हे काफी समस्या आ रही हैं।

## सांसद खेल महोत्सव में राधा दांगी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जीरापुर।** राधा दांगी की इस उपलब्धि से मां सरस्वती एकेडमी जीरापुर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। छात्रा की सफलता पर संस्था प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा राधा दांगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राधा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।




## कायस्थ समाज चलाएगा माँसाहार मुक्त महाअभियान

**ब्यावरा।** कायस्थ समाज शाकाहार समाज बने इसके लिए पिछले पांच साल से भोपाल सहित अन्य नगरों के कायस्थ समाज में माँसाहार त्यागो सम्मान पाओ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कायस्थ बंधु समिति घर घर जाकर परिवारो को चित्रगुप्त सम्मान के साथ शाकाहार रहने का दिला रही है संकल्प। माँसाहार मुक्त महाअभियान का तेजी से विस्तार हो इसके लिए आगामी नववर्ष से कायस्थ बंधु समिति देश के कई नगरो महानगरो मे माँसाहार खान-पान के खिलाफ लोगो को जागरूक करेगी। अभियान के संयोजक गिरीश श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वर्षो से कायस्थ समाज माँसाहार खान-पान के कारण शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। कायस्थ समाज माँसाहार के लगे कलंक से मुक्त हो इसी उद्देश्य को लेकर कायस्थ बंधु समिति समर्थको के सहयोग से अभियान चला रही है। अभी तक हजारो की संख्या मे कायस्थ परिवार माँसाहार खान-पान का परित्याग कर शाकाहार अपना चुके है। घर-घर श्री चित्रगुप्त घर-घर सम्मान कार्यक्रमों की नीतियो से प्रभावित होकर कायस्थ ही नही बल्कि अन्य समाज के लोग भी अभियान से जुड रहे है।

## रक्तदान शिविर एवं जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**मक्सी।** स्वर्गीय मयंक पांडे स्मृति पंचदिवसिय सेवा पखवाड़ा को जन्मदिन के उपलक्ष में रक्तदान शिविर एवं फल वितरण कार्यक्रम जिला चिकित्सालय शाजापुर में संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से शाजापुर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. रवि पांडेय शाजापुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन विष्णु नारायण पांडे सिविल सर्जन डॉक्टर बी एस मीणा शैलेंद्र सोनी नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी पूर्व विधायक पुरुषोत्तम चंद्रवंशी पूर्व शाजापुर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक नायक शाजापुर मंडल अध्यक्ष आशीष नागर शरद रावल पंचदिवसीय कार्यक्रम संयोजक मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद पटेल महामंत्री नानू पंड्या मक्सी नगर पालिका उपाध्यक्ष मंडल महामंत्री मोड सिंह लोधी मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश जी गुप्ता दयाराम मंडलोई मनोज पटेल मनोज लश्कन हर्षित भट्ट पवन परिहार अमित सोनी ओम चौधरी पार्षद विष्णु पाटीदार पार्षद अशोक लोधी पार्षद पवन केरवाल सुनील भदोरिया बेरछा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम जी गुर्जर जुगल किशोर नाहर राकेश चौधरी राजेंद्र सिंह गुर्जर आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी सम्मिलित हुए कार्यक्रम का संचालक उमेश जी टेलर ने करा आशीष जी नागर ने आभार माना।

## साधु के वेश में रह रहा वांटेड गिरफ्तार:6 दिन पीछा कर पकड़ा



**देवास।** पुलिस ने 2019 से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए साधु बन गया था और एक आश्रम में अपनी पहचान छुपाकर रह रहा था। पुलिस ने 6 दिन तक लगातार पीछा करने के बाद उसे दबोच लिया। आरोपी पर एक कंपनी का माल हड़पने का आरोप है। एसपी पुनीत गहलोत के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी और साइबर सेल की मदद से आरोपी को ट्रैक किया। पता चला कि आरोपी कैलाशचंद्र चित्तौड़िया (43), निवासी ग्राम रामपुरा (उज्जैन), ने अपना घर-परिवार छोड़ दिया है। वह एक आश्रम में 'दुबे जी' नाम बदलकर साधु के वेश में रह रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला इंदौर के बिजनेसमैन विनय कुमार मिश्रा की शिकायत से जुड़ा है। उनकी कंपनी का माल सीहोर से इंदौर भेजा गया था। ड्राइवर कैलाशचंद्र ट्रक को आष्टा में लावारिस हालत में छोड़कर उसमें लदा माल लेकर चंपत हो गया था। इस मामले में बरोठा थाने में अमानत में खयानत (धारा 406) का केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी से 50 हजार रुपए की सेंटिंग सामग्री जब्त की है। पूछताछ में सामने आया कि कैलाशचंद्र बेहद शातिर अपराधी है। उस पर उज्जैन के कायथा थाने में 6 स्थाई वारंट पहले से लंबित हैं। इसके अलावा, लोगों से पैसे लेकर न लौटाने (चेक बाउंस एक्ट) के भी कई केस उस पर दर्ज हैं। पुलिस अब बाकी माल की बरामदगी के लिए पूछताछ कर रही है।

## आगामी आदेश तक पप्पू साहू गुना जिला अध्यक्ष नियुक्त

**गुना।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा मध्यप्रदेश के रामनरायन साहू (बाबूजी) संस्थापक अध्यक्ष ओर प्रहलाद भाई मोदी मुख्य संरक्षक के आशीर्वाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश नंदलाल साहू नागपुर के निर्देश पर समाज के प्रति समर्पण व लगाव ओर पूर्ण निष्ठा को देखते हुए पप्पू साहू को जिला गुना का जिला अध्यक्ष अगले आदेश तक के लिये नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही आशा व्यक्त की है कि संगठन की रीति नीति अनुसार पूरी निष्ठा के साथ संपूर्ण समाज को उन्नति व विकास के रास्ते पर ले जाने लिये अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगें। सीताराम साहू पप्पू की इस नियुक्ति से समाज के लोगों ने तथा उनके इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## जाहिर सूचना

जाहिर सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमति गुलाबबाई पति श्री प्रभुसिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम गडरोली तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कषि भूमि सर्वे नम्बर 194/1 रकबा 0.65 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेता हसैनगुल पिता दीदमगुल खान व गुल मोहम्मद पिता खान मोहम्मद जाति पठान निवासीगण ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 185 रकबा 0.30 झील घा सर्वे नम्बर 191 रकबा 1.05 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेता श्री राजूसिंह पिता श्री रतनसिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम गुराड़िया गुर्जर तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 186 रकबा 0.21 हैक्टर पहियार्वे नम्बर 188 रकबा 0.65 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम निवासी ग्राम गडरोली तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेता श्रीमति ललिताबाई पति श्री रामचन्द्र जाति कुल्मी सर्वे नम्बर 190 रकबा 0.43 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेता श्री अर्जुन पाटीदार पिता श्री राधेश्याम जाति कुल्मी निवासी ग्राम गडरोली तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 189 रकबा 0.81 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेता श्रीमति लीलाबाई पति श्री शेरसिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम कांकरिया चांद तहसील तराना व श्रीमति ज्योति पति श्री दीपक जाति तेली निवासी ग्राम बिछड़ोद खालसा तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधि पित्त्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 199/1 रकबा 1.10 हैक्टर व सर्वे नम्बर 199/2 रकबा 0.39 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेता सलमा बी पति अकरम शाह जाति फकीर निवासी ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 193/2 रकबा 0.93 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेता श्रीमति रेखाबाई पति श्री राधेश्याम जाति लोहार निवासी ग्राम जैथल तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्य, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 195/1 रकबा 0.33 हैक्टर, सर्वे नम्बर 195/2 रकबा 0.80 हैक्टर व सर्वे नम्बर 195/3 रकबा 0.80 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति
दिनांक :- 16-12-2025

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) भुपेन्द्र कुमावत पिता बाबुलाल कुमावत जाति कुमावत निवासी ग्राम बगाना देवास के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम भटूनी तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 604 रकबा 0.15 हेक्टेयर भूमि सर्वे नम्बर 605/1/2 रकबा 0.35 हेक्टेयर इस प्रकार कुल सर्वे नम्बर 02 कुल बिक्रित रकबा 0.50 हेक्टेयर (अक्षरी पचास आरे) स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोड़ा किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो ।

**रवि प्रजापति अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक**
**मो.नं. 8827905460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री जीवनसिंह पिता श्री करणसिंह जाति आंजना निवासी- ग्राम मीन तुलाहेडा तहसील घटिया जिला उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 4/3/2 रकबा 2.600है0 मे से रकबा 0.400है. प्रधानमंत्री सडक से लगी हुई कुल किता 01 कुल रकबा 0ॐ400है0 उत्तर पश्चिम दिशा की ग्राम मीन तहसील घटिया जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त भूमि की चतुसीर्मा इस प्रकार है- पूर्व मे- जीवनसिंह की शेष भूमि, पश्चिम मे- सर्वे क्रमांक 4/3/1/2 की भूमि, उत्तर मे- सडक प्रधानमंत्री, दक्षिण मे- जीवनसिंह की शेष भूमि। उक्त भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबधं मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंधपत्र अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 05 से 07 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 17/12/2025

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉम्पलेक्स उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**

न्यूज-कॉलम

## पेंशन समाप्ति की साजिश के खिलाफ सजग रहने का आह्वान

**रतलाम।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय प्रेस क्लब भवन में राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस कार्यक्रम साहित्यकार प्रो. रतन चौहान की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य अतिथि गण एम.एल. लखनवी, जिला पेंशनर्स अधि. रवि प्रकाश पाटीदार, प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, अश्विनी शर्मा, अध्यक्ष यू सी टी यू सहित अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गीता राठौर मंचासीन थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति व्हाय व्ही चंद्रचुड़ तथा डी.एस. नाकारा की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। अध्यक्षीय पीठ से प्रो. चौहान ने संघर्ष की महत्ता प्रतिपादित करते हुए सदैव सजग रहने की अपील की। उन्होंने पेंशनर्स नितियों को कर्मचारियों को बांटने वाली बताया। अश्विनी शर्मा ने संगठन को गतिशील बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिला पेंशन अधिकारी एवं बैंक प्रबंधक द्वारा पेंशन के दौरान एवं बाद आने वाली समस्याओं के संबंध में मार्गदर्शी समाधान सुझाएं।

## ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट आते ही नाराज हुए जिलाध्यक्ष हर्षविजय

**रतलाम।** रतलाम ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने बुधवार सुबह अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजा है। इसमें उन्होंने इस्तीफे की वजह पारिवारिक कारण और सैलाना विधानसभा की जिम्मेदारी न निभा पाना बताया है। हालांकि, इसे ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति से जोड़कर देखा जा रहा है। गेहलोत को जिलाध्यक्ष बने अभी महज 4 महीने ही हुए थे।मंगलवार रात प्रदेश कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की थी। इसके ठीक अगली सुबह गेहलोत का इस्तीफा सामने आ गया। सूत्रों के मुताबिक, जावरा और आलोट विधानसभा में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होल्ड पर है। चर्चा है कि जिलाध्यक्ष ने जो नाम आगे बढ़ाए थे, उन पर सहमति नहीं बन पाई। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने इस्तीफा दिया है। भास्कर ने उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

## एसपी ने रात्रि में थाना स्टेशन रोड पहुंचकर किया आकस्मिक निरीक्षण

**रतलाम।** जिले में कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा 16-17 दिसंबर की दरमियानी रात्रि को थाना स्टेशन रोड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह जादौन से थाने पर उपस्थित बल, रात्रिकालीन ड्यूटी चार्ट, गश्त एवं चेकिंग में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने रात्रि गश्त की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए सतर्कता एवं सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर स्थित हवालात, शस्त्रागार एवं मालखाने का भी निरीक्षण किया गया। हवालात में बंद बंदियों की स्थिति की जानकारी ली।

## दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में, घायल की उपचार के दौरान मृत्यु

**मंदसौर।** जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र के कुणाल सागर के पास ग्राम औसरना पर दो मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में घायल व्यक्ति की दौराने इलाज मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक के विरुद्ध बी एन एस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 14 दिसंबर की शाम घटित हुआ है इस घटना की रिपोर्ट भानपुरा थाने पर अरविंद पिता गिरिराज माली निवासी खैराबाद थाना रामगंज मंडी जिला कोटा ने की है कि इस हादसे में फरियादी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक संजय की दौरान इलाज मृत्यु हो गई हैं।

## नाम जद आरोपियों ने सोयाबीन के कट्टो की चोरी की

**मंदसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कचनारा में एक खुले बड़े में रखी दो सोयाबीन के कट्टो की चोरी हो गई यह घटना 16 दिसंबर की रात की हैं। नाहरगढ़ थाने पर इस घटना की रिपोर्ट राजू पिता मांगीलाल डांगी निवासी कचनार ने की है कि इस घटना को नाम जद आरोपी सुनील और शांतिलाल निवासी कचनारा ने की हैं। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर उप्त नाम जद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया हैं।

# खेल चेतना मेला की तैयारी को मूर्त रूप देने के लिए हुई बैठक

## 20 से 23 दिसंबर तक आयोजित होगा खेल महाकुंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के तत्वावधान में 20 से 23 दिसंबर तक खेल चेतना मेला आयोजित होगा। मेले की तैयारी को मूर्त रूप देने के लिए आयोजन समिति, खेल सलाहकार, संयोजक, सहसंयोजकों के साथ ही खेल प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसमें अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही शुभारंभ अवसर पर शहर में निकलने वाली रैली सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

फाउंडेशन अध्यक्ष एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप के नेतृत्व में खेल चेतना मेला आयोजित होगा। खेल मेला में इस बार विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बालिका क्रिकेट रहेगा, जो कि टेनिस बॉल से होगा। साथ ही जिस विद्यालय के सर्वाधिक खिलाड़ी खेल चेतना मेला के खेलों में भागीदारी करेंगे, उन्हें विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन ने बताया कि इस बार 98 स्कूलों ने अब तक सहभागिता की है। अन्य स्कूलों की प्रविष्टियां भी आना शेष है। शुभारंभ अवसर पर कॉलेज ग्राउंड से खेल जागृति रैली का शुभारंभ होगा, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर नेहरू स्टेडियम पर पहुंचेगी, यहां इसका समापन होगा।

खेल चेतना मेला आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन ने समस्त अभिभावकों, स्कूल संचालक व प्राचार्यों से आव्हान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल स्पर्धाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित कर मैदान तक लाए। खेल मेले में इस बार 7 हजार से अधिक बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। बैठक में मैदानों को समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने की बात कही। समिति सचिव श्री जैन ने बताया कि इस बार शतरंज प्रतियोगिता लॉ कॉलेज के स्थान पर रोटरी हॉल में आयोजित होगी। बैठक में क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा, अजीत छाबड़ा, राकेश शर्मा, बलवंत भाटी, आर.सी. तिवारी, अखिलेश गुप्ता, हरीश चांदवानी, संजय वशिष्ठ, गुलाम मोहम्मद, जगदीश श्रीवास्तव, प्रभाकर राव, शरद अग्रवाल, उमंग पोरवाल, राजा राठौड़, अमरीक राणा, भूषण व्यास, मणीन्द्र तिवारी, जितेंद्र धुलिया, जितेंद्र राणावत, कृष्ण गोपाल तिवारी, प्रद्युम्न मजावदिया, पवन सिंदल, नीलेश खण्डारे, अर्जुन सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।



## शास. माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों ने बच्चों को स्वेटर वितरित किये

**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम नैनोरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मानवता और सेवा भावना का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। विद्यालय के समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के हित में एक सराहनीय पहल की। विद्यालय प्रधानाध्यापक वीरम सिंह शक्तावत, शिक्षिका प्रेम पाटीदार एवं किरण फरक्या द्वारा स्वयं के खर्चे से विद्यालय के 31 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस पहल से बच्चों को ठंड से राहत मिलने के साथ-साथ उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह भी बढ़ा है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अनुशासन का पालन करने की सीख दी इतना ही नहीं वर्षा ऋतु में स्कूल की छत टपकने के कारण बच्चों को पढ़ाई में आ रही बाधा को समझते हुए भी अपने अपने निजी खर्चे से 59 हजार रुपये खर्च कर छत सुधरवाने का काम किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नैनोरा के सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिवपाल सिंह शक्तावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# अफीम की तस्करी करने वाले को 4 वर्ष सश्रम कारावास

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

माननीय अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश महोदय, (एन.डी.पी.एस.) मंदसौर द्वारा आरोपी रानाराम सुतार पिता खियाराम, आयु लगभग 34 वर्ष, निवासी-102, हनुमान नगर, पाल बालाजी जौधपुर (राजस्थान) को अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये जुर्माने से दण्डित किया ।

अभियोजन मीडिया प्रभारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 17.7.2020 को पुलिस थाना सीतामऊ को विश्वसनीय मुखबिर ने सूचना दी कि रानाराम पिता खियाराम सुतार निवासी हनुमान नगर जोधपुर राजस्थान का होकर जिसने काले रंग की बैग कन्धे पर टांग रखी है, काले रंग की टीशर्ट व काले रंग का लोवर पहने है तथा चेहरे पर हल्की दाढी होकर मध्यम कद का है, सीतामऊ-सुवासरा रोड पर गांव सेमलिया रानी फन्टे पर यात्री प्रतिक्षालय में बैठा है, जो कि सुवासरा से रेल पकडकर जोधपुर जाने वाला है, जिसे सीतामऊ-सुवासरा रोड पर सेमलिया फन्टे पर तत्काल दबिश दी जाये तो अवैध अफीम के साथ पकडा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस फोर्स व पंचान सीतामऊ-सुवासरा रोड पर सेमलिया रानी फन्टे पर यात्री प्रतिक्षालय पहुंचे, जहां मुखबिर व्दारा बताये हुलिये का व्यक्ति बैठा दिखा, जिसकी फोर्स व पंचो की मदद से घेराबन्दी कर बैठे व्यक्ति को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानों के तहत उसके संवैधानिक अधिकारो से अवगत कराते हुये उसकी सहमति अनुसार उसके कब्जे वाले बैग की तलाशी लेते बैग से अवैध मादक पदार्थ अफीम पाये जाने पर उपस्थित पंचों के समक्ष कुल 1 किलो 500 ग्राम अफीम व मोबाईल, बैग जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर अभियुक्त रानाराम पिता खियाराम सुतार उम्र 28 वर्ष निवासी मकान नंबर 102 हनुमान नगर, धोरिया की ढाणी, पाल बालाजी जिला जोधपुर राजस्थान को गिरफ्तार कर थाना वापसी पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 356/2020 पर अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। शासन की ओर से प्रकरण का संचालन रमेश गामड़, विशेष लोक अभियोजक द्वारा किया गया।

## श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत का राष्ट्रीय अधिवेशन 21 दिसं. को धार में

**पिपलिया मंडी ।**श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत का राष्ट्रीय अधिवेशन 20 एवं 21 दिसंबर को धार जिले के कष्टभंजन सरकार देदला धाम में भव्य एवं व्यापक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।जिसमे संगठन के सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण ओर सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पत्रकार दिलराज शर्मा ओर महिला मौर्चा महामंत्री शीतल शर्मा ने बताया कि अधिवेशन के लिए संगठन द्वारा तैयारियां शुरू हो चुकी है। अधिवेशन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रेम नारायण विश्वकर्मा (पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड) की अध्यक्षता एवं महामंडलेश्वर परम पूज्य नर्शिंगदास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होगा। दोनों महामंत्री ने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के 14 राज्यों से संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक नारायण ओझा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ महेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा (उत्तर प्रदेश) आदि उपस्थित थे।

## स्टेडियम व घंटाघर क्षेत्र में पहुंची श्रीमती बामनिया,सब्जी मंडी में हटवाया अतिक्रमण



**नीमच।** सफाई व्यवस्था को लेकर निरंतर सक्रिय नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने 17 दिसंबर को प्रातः अचानक राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम, घंटाघर क्षेत्र व सब्जी मंडी पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सब्जी मंडी में टूटी-फुटी गुमटीयों, ठेलो व अनुपयोगी वस्तुएं रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाकर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से पुरानी नगर पालिका भिजवाया तथा संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सफाई व्यवस्था सुधारने व सब्जी व्यवसाइयों को पॉलीथिन थैली की जगह कपड़े की थैली का उपयोग करने के निर्देश दिए। सीएमओ श्रीमती बामनिया ने राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में पहुंचकर स्टेडियम के अंदर व पीछे की तरफ बाहर निराश्रित पशुओं को देख नाराजगी जताई तथा पशुपालक को आगे से पशुओं को वहां न छोड़ने की हिदायत दी व स्टेडियम के अंदर पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक को दिए। इसके पश्चात श्रीमती घंटाघर क्षेत्र में पहुंची तथा घंटाघर के भीतर व बाहर पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। तत्पश्चात श्रीमती बामनिया सब्जी मंडी पहुंची और वहां कपड़े की थैली वाली मशीन तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ ही अतिक्रमण के उद्देश्य से रखी गई अनूप अनुपयोगी गुमटियों, ठेलो व अन्य सामग्री को जेसीबी के माध्यम से हटवाकर ट्रैक्टर ट्राली से पुरानी नगर पालिका पहुंचवाया।

## 9 लाख की लागत से वीर पार्क रोड की सड़क होगी चोड़ी और सुंदर कार्य प्रारंभ

**नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण**

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में शहर में जारी विकास कार्यों की श्रंखला के तहत करीब नौ लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 25 व 34 के अंतर्गत आने वाले वीरपार्क रोड पर लायंस पार्क से महेश सर्किल तक सड़क चौड़ी करण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होने पर यह सड़क चोड़ी और सुंदर नजर आने लगेगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने वार्ड क्रमांक 25 की पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद प्रतिनिधि श्री विनीत पाटनी, पार्षद श्री रूपेंद्र लोक्स,श्री योगेश कविश्वर आदि के साथ सड़क के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा ठेकेदार व इंजीनियर को कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि चोड़ी सड़के शहर को सुंदरता प्रदान करती है व आवागमन को सुगम बनाती है, हमारे द्वारा पार्षदों के सहयोग से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कराया गया है और जो क्षेत्र शेष बचे हैं वहां भी जल्द ही सुंदर सड़कों का निर्माण होगा। श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जहां भी सड़क का चोड़ीकरण होने की संभावना है वहां सड़कों का चौड़ीकरण कराया जावे क्योंकि सुंदर व चौड़ी सड़के शहर की पहचान होकर यातायात को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करती है।

# शौर्य यात्रा के पूर्व निकली संत पदयात्रा



## 27 दिसंबर को होगा हिंदुत्व का शंखनाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में २७ दिसंबर को नगर में शौर्य यात्रा( हिंदुत्व का शंखनाद) निकाली जावेगी ।यात्रा को लेकर व्यापक रूप से तैयारी चल रही है। शौर्य यात्रा के आह्वान के लिए मंगलवार को जागनाथ महादेव मंदिर पुल बाजार से संत पद यात्रा प्रारंभ हुई ।जो नगर के भड भुजा चौक ,बजाज खाना, घंटा घर चौराहा, हंगामा चौक ,पिपली बाजार ,शुक्रवारि या, गोवर्धन नाथ मंदिर चौराहा होते हुए गीता भवन परिसर पहुंची ।संत पदयात्रा में विभिन्न संत पुजारी एवं हिंदू संगठन पदाधिकारीयो के साथ सर्व समाज के लोग शामिल हुए।

**पद यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी हुआ**

पद यात्रा में संत श्री प्रकाशनाथ श्री नाथ आश्रम करवा खेड़ी ,संत श्री दिनेश व्यास आश्रम घाट वास, संत श्री रघुनाथ दास त्यागी आश्रम पिपलिया जोधा, संत श्री सेवक दास नरसीह मंदिर कलालिया, संत श्री राजू गुरु बडायला चौरासी, संत मनोज कश्यप शेरपुर, भागवतचार्य पुष्पेंद्र शर्मा खेड़ापति हनुमान मंदिर जावरा, श्याम सुंदर शर्मा जावरा शामिल हुए।

विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री अर्जुन गहलोत ने शौर्य यात्रा की भूमिका राखी। इस मौके पर विभाग सहसंयोजक राधेश्याम अंजना, जिला अध्यक्ष मधुसूदन पाटीदार, जिला मंत्री तूफान सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष जीवन सिंह गुर्जर ,सामाजिक समरसता प्रमुख गोविंद चौहान, सह मंत्री लाल सिंह राठौड़ ,जिला सेवा प्रमुख औकार दास, जिला सह गौ रक्षा प्रमुख हरीश ,संदीप राठौर, जावरा प्रखंड अध्यक्ष पूर्णेन्द्र जोशी ,राजेश ,सुनील ,ज्ञान सिंह आदि विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जय बजरंग सेना द्वारा कडाके की ठण्ड में कम्बल वितरण किये



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

हाडकपाने वाली इस सर्दी और ढिढुरन के बीच स्थानीय गांधी चौराहा पर बीति रात्रि जय बजरंग सेना के बैनर तले गरीब, असहाय, वृद्ध और जरूरतमंदो लोगो को ठण्ड से बचने के लिये कम्बल वितरित किये गये और उन्हें ठण्ड से राहत पहुंचाने पर लाभार्थियो के चेहरे पर अलग ही खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर बजरंग सेना, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, धर्मगुरू, गणमान्य नागरिकब बडी संख्या में उपस्थित थे।

जय बजरंग सेना के सेवा प्रकल्पों के तहत हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कडकडाती ठण्ड में शीतलहर से राहत देने को लेकर बेसहारा, कमजोर गरीबो को कम्बल वितरण के आयोजन मे बतौर अतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिसोदिया, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार, संस्कृत पाठशाला के आचार्य कपिल शास्त्री, भाजपा नेता विनय दुबेला, भानुप्रताप सिसोदिया, अनिल कियावत, महेन्द्र परिहार, राजेश गुर्जर, सुनिल बसंल, जय बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरज बैरागी, जिला अध्यक्ष विशाल शिल्पी, व उमेश परमार सहित बडी संख्या मे पदाधिकारी उपस्थित थे, इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता श्री सिसोदिया ने कहां कि, जरूरत मंदो की सेवा करना ही सबसे बडी सेवा है, वास्तविक जो गरीब, निर्धन है उन्हें ठण्ड से बचाने की दिशा में बजरंग सेना द्वारा जो कार्य किये जा रहे है वह अनुकरणीय है, नपा अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहां कि, बजरंग सेना संस्कृति आयोजन के साथ ही सेवा के कार्यकम निरंतर रूप से कर रहा है, इतनी बडी संख्या मे इतने वहद्जनो को कम्बल बांटना अनुकरणीय है, साथ ही अन्य अतिथियों ने भी जन बजरंग सेना के कार्यो की सेवा की, स्वागत, उद्बोधन बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज बैरागी ने दिया, इस अवसर पर विशाल शिल्पी, राम राठौर, प्रवीण शर्मा, मोनू सांखला, शुभम सुरावत, सोनू सांखला, आदित्य सेन मरोठिया,यश शर्मा, यश देवड़ा, शुभम गौड, अप्रित श्रीवास्तव, हर्ष देवड़ा, सलभ बंसल, राकेश भाटी, पियुष कश्यप, मोनू सांखला, जयेश पुरोहित, महेन्द्र परिहार, बंशी राठोर, सहित बडी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उमेश परमार ने किया।

# ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा होते ही इस्तीफे, संगठन में मची राजनीतिक हलचल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

मध्य प्रदेश कांग्रेस हाई कमान ने समूचे प्रदेश में मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्षो की घोषणा से जिले में बगावत देखने को मिली और पदाधिकारी ने इस्तीफे की झड़ी लगा दी। जिले में ब्लॉक अध्यक्षों के नाम कथित रूप से पैराशूट वाले बताए जा रहे ।उक्त नियुक्ति को लेकर जबरदस्त विरोध शुरू हो गया ।जिसमें जावरा शहर ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा फिलहाल होल्ड पर रखी है ।

सूत्रों से पता चला है कि पार्टी संगठन में जो वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता थे उनको दरकिनार कर दिया निष्क्रिय नेताओं को पदों पर बिठा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा सौंप दिया। वैसे पत्र में निजीकरण से इस्तीफा देना बताया गया।

जिला पंचायत सदस्य एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश भरावा ने भी अपने पास अधिक पद होने से कार्यकताओं को समय नहीं दे पा रहा हूं इसलिए पद से इस्तीफा दे रहा। वहीं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा ने भी इस्तीफा की पेशकश की सरपंच यूसुफ पठान ने भी सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा दिया।

चर्चा है कि पार्टी में गुटबाजी के चलते उक्त मनोनयन से नेताओं व कार्यकताओं में जमकर नाराजगी एवं आक्रोश व्याप्त है। ऐसा लगता है कि जिला अध्यक्ष व स्थानीय नेताओं को विश्वास में नहीं लिया गया। उक्त मनोनयन में क्या कोई बाहरी नेताओं का हस्तक्षेप है ?

जिला अध्यक्ष गहलोत का इस्तीफा स्वीकार न करे

जिला अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने अपने निजी कार्य से अपने पद से इस्तीफा दे दिया ।इससे जिले की राजनीति में अशांति पैदा हो गई। इस्तीफे के निर्णय से निराश हो रही ।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी से मध्य प्रदेश कांग्रेस महामंत्री युसूफ कडपा ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, कांग्रेस नेता डॉक्टर एच एस राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा ,दिलीप राव मंडलोई, मनोहर लाल शर्मा, प्रेमसुख पाटीदार ,नीति राज सिंह, मुस्तकीम मंसूरी,इरफान कुरैशी ,आसिफ कबड्डी ,इमरान कबाड़ी ,सुलेमान सेठ आदि ने कहा कि गहलोत का इस्तीफा स्वीकार नहीं करें।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/1482/लो.नि.वि./ रतलाम, दिनांक 16-12-2025

### ई-निविदा आमंत्रण

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्न लिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 468893 | वार्ड क्रमांक 19 दीनदयालनगर एफ सेक्टर में पेवर ब्लाक,नाली निर्माण एवं चेम्बर रिपेरिंग कार्य एस्टीमेट अनुसार। (तृतीय आमंत्रण) | 1-03 माह<br>2-460250/- | 1-2000/-<br>2-9210/- | 30.12.2025<br>15:30 |
| 2. | 468897 | वार्ड क्रमांक 24 रिजवी साहब एवं सुरानाजी के मकान से ओझाखाली नाले तक नाली निर्माण कार्य। एस्टीमेट अनुसार। (षष्टम आमंत्रण) | 1-03 माह<br>2-316850/- | 1-2000/-<br>2-6340/- | 30.12.2025<br>15:30 |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम रतलाम**



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सुसनेर में लेफ्टिनेंट विजय सिसोदिया का सम्मान

**सुसनेर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगलवार को विद्यालय के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट विजय सिंह सिसोदिया का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम ननोरा निवासी लेफ्टिनेंट सिसोदिया ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर ऑल इंडिया स्तर पर तृतीय रैंक प्राप्त की है तथा उनकी पदस्थापना मणिपुर में हुई है। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रदीप बजाज, सचिव अशोक कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आचार्य विजय कुमार भावसार, संस्था प्राचार्य सुनील सोनी, समस्त आचार्यगण एवं विद्यालय के भैया-बहिन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट विजय सिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्या भारती की योजना के अनुरूप नियमित दिनचर्या एवं गहन अध्ययन से प्रत्येक विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने अपने जीवन की सफलता का श्रेय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा मिले संस्कारों एवं मार्गदर्शन को दिया। कार्यक्रम का संचालन भैरूसिंह सिसोदिया ने किया। अतिथि परिचय सचिव अशोक कुमार श्रीवास्तव ने दिया तथा स्वागत अध्यक्ष प्रदीप बजाज एवं प्राचार्य सुनील सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रामबाबू त्रिवेदी, लेखापाल महेश जायसवाल, निर्मल जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## भगवान को किया मंदिर जी में विराजित, खशबू जैन ने दी भजनों की प्रस्तुति



**सुसनेर।** को भगवान के जन्मोत्सव के बाद मंगलवार को त्रिमुर्ति मंदिर से रथ में विराजित भगवान को बैड बाजे के साथ पुनःदिगंबर जैन बडा मंदिर जी में विराजित किया गया। इस दौरान जगह-जगह समाजजनों के द्वारा भगवान की आरती एवं पूजन की गई। शुक्रवारिया बाजार में दिनेश जैन गुडवाला एवं परिवार के द्वारा भगवान की पूजन की गई। भगवान के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार की रात्रि में त्रिमुर्ति दिगंबर जैन मंदिर में भजन संध्या में गायक कलाकार खशबू जैन की भजन प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया. जीवन है पानी की बुंद भजन ने श्रोताओं को भक्ति में डुबो दिया। पुरूषो एवं महिलाओं द्वारा भजनों पर प्रस्तुत भावपूर्ण नृत्य ने समां बांध दिया।

## नाबालिग बालिकाओं के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में नाबालिग बालिकाओं के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी निक्की सेन, अभय राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस दौरान पुलिस के द्वारा आरोपियों का ब्यावरा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए जुलूस भी निकाला गया। जुलूस के दौरान आरोपी बोले जुर्म करना पाप है पुलिस हमारे बाप है।

## शनिवार एवं रविवार को फिल्टर प्लांट की सफाई के चलते जल प्रदाय नहीं होगा



**खाचरौद।** नगर पालिका के नागदा नायन स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता सहित परिषद के गणमान्य पार्षदों के साथ किया। नगर पालिका अधिकारी गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से बताया कि नायन फिल्टर प्लांट पर जाकर निरीक्षण किया तथा नगर में सुचारू जल प्रदाय हो इस हेतु निर्देशित किया। साथ ही बताया कि वर्तमान में फिल्टर प्लान्ट पर पानी उचित मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर व अन्य आवश्यक सामग्री मिलाकर पानी को शुद्ध करने के उपरांत ही नगर में सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही फिल्टर प्लांट में थोड़ी बहुत गाद जमी हुई दिखाई देने पर निरीक्षण के दौरान प्लांट के प्रभारी एच आर गोयल को निर्देशित करते हुए आगामी शनिवार-रविवार को प्लांट सफाई के निर्देश दिए एवं प्लांट पर एक मोटर भी खराब अवस्था में मिलने पर तत्काल मोटर को दुरुस्त करवा कर संचालित करने के निर्देश प्रदान किये। मोटर के सुधरने के उपरांत जलप्रदाय व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा। भरावा ने बताया कि आगामी शनिवार एवं रविवार को फिल्टर प्लांट की सफाई के चलते नगर में जल प्रदाय नही हो सकेगा।

### भक्तिभाव के साथ मनाया गया भगवान का जन्मोत्सव

# जन्मोत्सव की शोभायात्रा में जयकारों की गूँज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

सर्वधर्म सदभाव के साथ विभिन्न धर्मों के धार्मिक सरोकार से जुड़ी नगरी सुआनगर सुसनेर में सोमवार को संयमह्ल और ह्यसहनशीलताह्ल के प्रतिमूर्ति जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर एवं श्रावकों के आइकॉन भगवान पार्श्वनाथ के जन्मोत्सव की ही चर्चा चहुंओर रही। मौका था जैनधर्म के 8वें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु एवं 23वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक दिवस एवं रथयात्रा व श्री 1008 श्री आदिनाथ,भरत एवं बाहुबली भगवान का महामस्काभिषेक महोत्सव जैन धर्मावलंबियों द्वारा भक्तिभाव एवं जयकारो की गुज के बीच मना। नगर के इतवारिया बाजार स्थित अतिशयकारी श्री 1008 चिन्तामणी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बडा मंदिर जी सहित अन्य मंदिरों मे विभिन्न कार्यक्रम हुवें। दिगंबर जैन दिगंबर जैन समाज एवं जैन युवा संगठन के तत्वाधान में दोपहर 12 बजे ईतवारिया बाजार से शोभायात्रा निकाली गई,जो त्रिमुर्ति मंदिर जी पहुची, जहॉ श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की आराधना कर अभिषेक किया। शोभायात्रा२ में शामिल पारस म्युजिक बैंड कछालिया एवं सरगम बैड सुसनेर धार्मिक धुनें बिखेर रहा था। अंत मे हाथी पर भगवान की बालक रूप की प्रतिमा विराजमान थी। दूसरी और हाथो से युवा भगवान के रथ को थामे चल रहे थे। इसके पूर्व सुबह श्री 1008 भगवान पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर, श्री 1008 भगवान चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन छोटा मंदिर तथा त्रिमुर्ति मंदिर में प्रातः मंत्रोच्चार के साथ जयकारों के बीच दोनों तीर्थंकरों की अष्टद्रव्य से विशेष पूजा-अर्चना की गई एवं कल्याणक दिवसों के अर्घ्य चढ़ाए गए। सौधर्म इन्द्र के रूप में हाथी पर इंद्र विकांत जैन एवं इंद्राणी के रूप में श्रीमति याशिका जैन भगवान को हाथों में थामे रखा था। शोभायात्रा में भगवान के जन्मोत्सव के अवसर पर नगरवासियों को प्रभावना वितरित की गई। मंगलाचरण दीपक जैन बंधु तथा संचालन आशीष जैन त्यागी ने किया। समाजजनों का रामलाल जैन चौधरी इतवारिया, पंकज जैन एवं संजय जैन सराफा बाजार,रमेशचंद जैन समता ड्रेसेस आदि जगहों पर स्वल्पहार से स्वागत किया।



#### प्रतिमाओं का हुआ महामस्तकाभिषेक

शोभायात्रा त्रिमुर्ति मंदिर जी पहुचने पर रथ में विराजित प्रतिमा का अभिषेक शिखर कुमार हेमराज जैन उज्जैन व भगवान आदिनाथ, भरत और बाहुबली जी की खड्गासन त्रिमूर्ति प्रतिमाओं का प्रथम महामस्तकाभिषेक लाभार्थी प्रेमचंद जैन फूलचंद जैन जीनवाला, विशाल कुमार चाँदमल जैन कोर्टवाल व अनिल कुमार कमलेश कुमार जैन किराना व्यापारी के परिवार ने किया। भगवान के रथ पर चवर ढोने की बोली मनीष जैन मंटा एवं सारथी के रूप में मनीष जैन ने ली। बाद में सामूहिक वात्सल्य भोज हुआ। कार्यक्रम में नगर एवं राजस्थान व मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुवें।

#### जीवन में सहशीलता जरूरी

कमठ के उपसर्ग के बाद भी भगवान पार्श्वनाथ ने जो सहशीलता दिखाई वैसी सहशीलता मनुष्य के जीवन में जरूरी है।जीवन में जितनी समता रखेगें उतनी सफलता मिलेगी। उक्त बात मुनिश्री 108 विश्वनायक जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कही। गणधर मुनिश्री विवर्धन सागर जी महाराज ने कहां कि शास्त्र का वाचन करने से मन में श्रद्धा का भाव जागता है।

#### महिला मंडल ने दी आकृर्षक प्रस्तुति

शोभायात्रा में गुरूवाणी महिला मंडल की महिलाएं अष्टप्रति हार्य की झांकी लेकर चल रही थी। बाहू महिला मंडल के द्वारा शोभायात्रा में सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### गरीबों के हक पर डाका

## शिकायत होते ही उचित मूल्य दुकान सील, विक्रेता जांच के दौरान मौके से फरार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के ब्लॉक राजगढ़ की सोसायटी ग्राम पाटनकला में शासकीय उचित मूल्य दुकान पर बड़ा खेल सामने आया है। कम खाद्यान्न देने की शिकायत मिलते ही प्रशासन हरकत में आया, लेकिन जांच के दिन ही दुकान बंद मिली और विक्रेता मौके से नदारद रहा।

विक्रेता प्रेम सिंह भालोठ की यह लापरवाही भारी पड़ गई और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता ने दुकान को सील कर दिया। ग्रामीण पचीधारियों ने खुलेआम कम राशन मिलने की बात कही, जिसके बाद पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सवाल ये है कि क्या इससे पहले भी ऐसे खेल चलते रहे?

राशन घोटाले की बू, जांच के डर से दुकान बंद, प्रशासन ने



ठोका ताला पाटनकला तहसील में राशन वितरण को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। हितग्राहियों की शिकायत पर जब प्रशासन जांच के लिए पहुंचा तो शासकीय उचित मूल्य दुकान बंद मिली और सोसाइटी के सेल्समैन ओर विक्रेता प्रेम सिंह भालोठ मौके से गायब थे। जांच से बचने की इस कोशिश पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दुकान को तत्काल सील कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कम खाद्यान्न मिलने के बयान दिए, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर गरीबों के राशन के साथ कब से हो रही थी यह हेराफेरी ?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त सेल्समैन ने गरीबों के हक के निवाले में घोटाला करते आया से अधिक संपति अर्जित की है अगर सेल्समैन प्रेम भालोठ की संपति की जांच की जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है हालांकि अगर इनकी सीबीआई जांच की जाए तो बड़ा घोटाला समाने आने की संभावना है जांच के दौरान अगर सेल्समैन दोषी पाये जाते है तो इनके पीछे बैठे आकाओं का नकाब भी समाने आना चौंकाने वाले होगे।

## कच्ची मटकी में पानी, कच्ची उम्र में शादी के बहुत नुकसान

### राजगढ़ के गांवों में जागरूकता रथ की गूँज

**ब्यावरा।** जैसे कच्ची मटकी में पानी नहीं ठहरता, वैसे ही कच्ची उम्र में शादी जीवन को संकट में डाल सकती है। इसी संदेश के साथ राजगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण अंचलों में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता रथ ग्रामीणों को जागरूक कर रहा है। हाल ही में यह रथ ग्राम हिनोती, देहरा और गणेशपुरा पहुँचा, जहाँ नुक्कड़ नाटकों और डिजिटल माध्यमों से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया गया। नुक्कड़ नाटक और प्रोजेक्टर के माध्यम से सीख दी जा है, रथ के संचालक श्री धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाना है।कार्यक्रम के दौरान एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्में दिखाई जा रही हैं और नुक्कड़ नाटकों के जरिए बाल विवाह निषेध, कम उम्र में विवाह से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना, अधिक बच्चे होने से माँ के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी देना, परिवार कल्याण के विभिन्न साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करना शामिल है। जागरूकता रथ के इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष हिस्सा ले रहे हैं। नाटकों के सरल संवाद और मनोरंजक तरीके से दी जा रही जानकारी ग्रामीणों को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है।

## भाटी और राठी बने जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य

### भाजपा पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश शासन योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री गौतम टैटवाल और भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ की सहमति से जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया। जिसमें महिदपुर विधानसभा से निर्भय सिंह भाटी और कैलाश राठी को सदस्य नामांकित किया गया है। भाटी और राठी ने बताया कि इस समिति के अध्यक्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं। इसको लेकर उज्जैन कलेक्टर कार्यालय पर प्रथम बैठक भी आयोजित हुई। जिसमें प्रभारी मंत्री गौतम टैटवाल और सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा सरकार के 2 साल के विकास कार्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही उज्जैन जिले में चल रहे विकास कार्यों और सिंहस्थ को लेकर समीक्षा भी की गई। सदस्यों ने विकास कार्य को लेकर और सुझाव भी दिए।

### सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने देवास पुलिस की संवेदनशील पहल

## दुर्घटना-संभावित एवं जानलेवा स्थानों पर चेतावनी पोस्टर लगाकर आमजन को किया जा रहा है जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौरासा

पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विभिन्न स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ मति दीपा माडवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भौरांसा मती प्रीति कटारे के नेतृत्व में एक संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की जा रही है।

इस पहल के अंतर्गत जिले के उन स्थानों पर, जहाँ पूर्व में सड़क दुर्घटनाओं में व्यक्तियों की मृत्यु अथवा गंभीर चोट की घटनाएं घटित हुई हैं, देवास पुलिस द्वारा चेतावनी एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से आम




जनता को सतर्क रहने, वाहन सावधानीपूर्वक चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में बी.आर. रिसोर्ट से पहले इन्दौर-भोपाल बायपास पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने के पश्चात मृत्यु हो गई थी। उक्त दुर्घटनास्थलों पर थाना भौरांसा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में दुर्घटना चेतावनी संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि वहां से गुजरने वाले वाहन चालक सतर्क रहें एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

देवास पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

### बिना परमिट, बीमा व प्रदूषण प्रमाणपत्र वाले वाहनों पर परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की कड़ी कार्रवाई

# स्कूल बसों की सघन जांच 1.33 लाख की चालानी कार्रवाई

ब्यावरा

राजगढ़ जिले में स्कूल बसों एवं अन्य यात्री वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन कराना है। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य तथा आरटीओ चेक प्वाइंट राजगढ़ की प्रभारी श्रीमती अनामिका कोली एवं देवराज पाण्डेय, पंचम जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थ राजदेव शर्मा एवं प्रेमनारायण कुरैचया के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की गहन जांच की। जांच के दौरान यह परखा गया कि वाहन परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं। साथ ही कार्रवाई के दौरान वाहनों के बीमा प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसी) सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। कई स्कूल बसों में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 1 लाख 33 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। बोड़ा एवं पचोर क्षेत्रों में स्कूल परिसरों में पहुंचकर विशेष जांच की गई। इस दौरान एक स्कूल बस का परमिट समाप्त पाया गया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर बोड़ा थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन पोर्टल के अवलोकन में यह तथ्य सामने आया है कि जिले में अनेक ऑटो, ई-रिक्शा एवं स्कूल बसें बिना वैध बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालित हो रही हैं। इस संबंध में परिवहन आयुक्त द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध आवश्यकता अनुसार चालानी एवं जब्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



## स्ट्रांग रूम एवं निर्वाचन सामग्री वितरण व वापसी केंद्र का निरीक्षण

**सुसनेर।** जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया गया। आईटीआई परिसर स्थित स्ट्रांग रूम एवं निर्वाचन सामग्री वितरण व वापसी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन सामग्री का प्रबंधन, मतपेटियों के रख-रखाव तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात प्रेक्षक महोदय ने ग्राम नाँदना एवं कायरा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान कक्षों की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, रैम्प, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सर्वेश यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र सिंह, पटवारी गोवर्धन शर्मा, पीसीओ, निर्वाचन सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिदपुर विधानसभा में कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्ति






महिदपुर। महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। ब्लॉक कांग्रेस महिदपुर अध्यक्ष कैलाश बगाना, झारड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलसिंह चौहान, महिदपुर रोड ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत शर्मा एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग को नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खटीक समाज द्वारा सांसद अनिल फिरोजिया का किया भव्य स्वागत



**बड़नगर।** उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया के खटीक समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित होने पर बड़नगर खटीक समाज, कल्याण संघ एवं मालवा खटीक सेना के संयुक्त तत्वाधान में उज्जैन निजी निवास स्थान पर पहुंचकर आतिशबाजी, पुष्पमाला, साफा, शाल एवं श्रीफल तथा मिठाई खिलाकर कर भव्य स्वागत कर बधाई दी गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पीरुलाल खींची, अध्यक्ष पूनमचंद कायस्थ, सचिव प्रेम कुमार खींची, कोषाध्यक्ष चंद्रलाल भारती, मांगीलाल चंदेल, बंशीलाल खोईवाल, नारायण बागड़ी, फकीरचंद सोलंकी, श्यामलाल चंदेल, सुंदरलाल चावला, योगेश भारती, सतनारायण सोलंकी, सुनील चंदेल, बाबूलाल नागोरा आदि उपस्थित थे। समाज के अध्यक्ष पूनमचंद कायस्थ द्वारा समाज की धर्मशाला निर्माण हेतु अपना मांग पत्र संयुक्त रूप से सोपा। जिसे सांसद फिरोजिया ने जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया।

## हटाए गए मतदाताओं की सूची चस्पा की



**जगोटी।** जगोटी के चारों मतदान केंद्रों पर हटाए गए मतदाताओं की सूची बीएलओ, सुपरवाइजर सहित दोनों राजनीतिक दलों के बीएल ए की उपस्थिति में मतदान केंद्रों पर चस्पा की गई। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों के समक्ष हटाए गए नामों का वाचन किया गया।। इस दौरान चारों मतदान केंद्रों के बीएलओ ममता राजपूत, आशा बैरागी, शंकरलाल यादव, राकेश प्रजापति, सुपरवाइजर संतोष प्रजापति, कांग्रेस पार्टी के अनंत शर्मा, रजनीश तिवारी, आरिफ तंवर, संदीप आंजना, भाजपा के सुमेरसिंह ठाकुर भागवंता बाई सोनी, विष्णु बैरागी, आलोक ढुंडाले सहित पंच गण मौजूद थे।


## जनसुनवाई से अनुपस्थित अधिकारियों पर 3-3 हजार रुपए का अर्थ दण्ड

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शासन के निर्देशानुसार प्रतिमंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई से अनुपस्थित रहने वाले 07 जिला अधिकारियों पर 3-3 हजार रुपए का फाईन लगाया हैं। फाईन लगने वाले अधिकारियों में ईईपीएचई आर.एल. रैकवार, जिला रोजगार अधिकारी एन.वी. संतोष कुमार, लीड बैंक मैनेजर सुखबीर सिंह, जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य, जिला खाद्य अधिकारी अजित सिंह, ईई आरईएस बंसत सुर्यवंशी के नाम शामिल हैं।

मासिक शिवरात्रि हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। जानें इस व्रत का महत्व, शिव पुराण में वर्णित मान्यताएं और इससे मिलने वाले सुख, समृद्धि व मनोकामना पूर्ति के लाभ।

# पौष मास की शिवरात्रि आज

## जानें पूजा का मुहूर्त और विधि



मासिक शिवरात्रि हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को पड़ती है और इसे भगवान शिव की विशेष आराधना के रूप में मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु उपवास रखते हैं और रातभर शिवजी की पूजा-अर्चना करते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि मासिक शिवरात्रि का व्रत विशेष फलदायक होता है और इससे जीवन में सुख, समृद्धि और मानसिक शांति प्राप्त होती है। यह व्रत किसी भी महीने में किया जा सकता है और इसे करने से पापों से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

शिव पुराण में भी मासिक शिवरात्रि का महत्व बताया गया है। कहा गया है कि देवी लक्ष्मी, इन्द्राणी, सरस्वती, गायत्री, सावित्री, सीता, पार्वती और रति ने भी इस व्रत का पालन किया था। इन महान स्त्रियों ने शिवरात्रि का पालन करके शिवजी की कृपा प्राप्त की और अपने जीवन में आध्यात्मिक उन्नति की। यही कारण है कि इस व्रत को अत्यंत पवित्र और लाभकारी माना जाता है।

### पौष मासिक शिवरात्रि 2025 की तिथि और समय

पौष माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी इस साल 18 दिसंबर 2025 को पड़ रही है। इस दिन का व्रत सुबह 2:32 बजे शुरू होगा और अगले दिन 19 दिसंबर को सुबह 4:49 बजे समाप्त होगा। विशेष रूप से शिव पूजा का शुभ मुहूर्त रात 11:51 बजे से लेकर 12:45 बजे तक है। इस समय में शिवलिंग का जलाभिषेक और पूजा करना अत्यंत फलदायक माना जाता है। व्रत के दौरान उपवास रहना और रात का जागरण करना भी शुभ फल देने वाला है।

### असंभव को संभव बनाने वाला व्रत

माना जाता है कि मासिक शिवरात्रि का व्रत कठिन और असंभव कार्यों को भी पूरा करने में मदद करता है। भगवान शिव की कृपा से यह व्रत जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और मानसिक शांति लाने वाला होता है। जो व्यक्ति इस व्रत को श्रद्धा और विश्वास के साथ करता है, उसके हर प्रकार के पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

### राहु-केतु के दोष निवारण के लिए महत्व

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार राहु और केतु के दोष से व्यक्ति के जीवन में कई प्रकार की बाधाएं और परेशानियां आती हैं। मासिक शिवरात्रि का व्रत करने से इन दोषों का निवारण होता है और जीवन में शांति व समृद्धि आती है। इस दिन विशेष रूप से निशिता काल में शिवलिंग का जल, दुर्वा और कुश से अभिषेक करना चाहिए। साथ ही शिव पंचाक्षरी मंत्र का कम से कम 11 माला जाप करने से राहु-केतु के दोष समाप्त होते हैं। यह उपाय उन लोगों के लिए और भी लाभकारी माना जाता है जिनकी कुंडली में राहु-केतु की महादशा चल रही हो।

### कैसे करें पूजा

- व्रत के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें।
- स्नान के बाद साफ और सात्विक वस्त्र धारण करें।
- इसके बाद भगवान शिव का ध्यान करते हुए व्रत रखने का संकल्प लें।
- संकल्प के समय मन में अपनी इच्छा या समस्या को शिवजी के चरणों में अर्पित करें।
- पूरे दिन संयम व शुद्धता बनाए रखने का प्रण लें।
- संकल्प के बाद घर या मंदिर में शिवलिंग का जलाभिषेक करें।
- अभिषेक के लिए जल, दूध, दही, शहद या गंगाजल का प्रयोग किया जा सकता है।
- इसके बाद शिवलिंग पर बेलपत्र, सफेद फूल, धतूरा, भस्म और अक्षत अर्पित करें।
- पूजा के दौरान 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें और शिव चालीसा या शिव स्तोत्र का पाठ करें।
- शाम के समय पुनः शिवजी की पूजा करें। दीपक जलाकर धूप दिखाएं और मंत्र जाप करें। इस समय खीर, फल, मिठाई या सात्विक भोजन का भोग भगवान शिव को अर्पित करें। भोग लगाने के बाद प्रसाद को परिवार में बांटें।

# धनु राशि में शुक्र से बनेगा शक्तिशाली योग

## साल के अंत में चमकेगी इन राशियों की किस्मत




वैदिक ज्योतिष के अनुसार साल 2025 का आखिरी शुक्र गोचर 20 दिसंबर को होने जा रहा है, जो कई राशियों के लिए बड़े सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। इस दिन शुक्र ग्रह धनु राशि में प्रवेश करेगा और 13 जनवरी 2026 तक वहीं विराजमान रहेगा। शुक्र को प्रेम, धन, सुख-सुविधा और सौंदर्य का कारक माना जाता है, ऐसे में इसका धनु राशि में गोचर आर्थिक स्थिति, संबंधों और करियर से जुड़े मामलों में नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है।

### मेष राशि

मेष राशि वालों के लिए शुक्र ग्रह धन और दांपत्य से जुड़े महत्वपूर्ण भावों का स्वामी है और धनु राशि में इसका गोचर आपके भाग्य भाव को सक्रिय करेगा। इस दौरान करियर में आपको किस्मत का अच्छा साथ मिलेगा और कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयास सफल होते नजर आएंगे। नौकरी या व्यवसाय में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### कन्या राशि

कन्या राशि वालों के लिए शुक्र ग्रह धन और भाग्य का प्रतिनिधित्व करता है और धनु राशि में इसका गोचर आपके सुख भाव को प्रभावित करेगा। इस समय आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिल सकते हैं और जीवन में सुख-सुविधाओं की वृद्धि होगी। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप खुद को पहले से अधिक सहज महसूस करेंगे।

### तुला राशि

तुला राशि के जातकों के लिए शुक्र ग्रह आत्मबल और परिवर्तन से जुड़े भावों का स्वामी है। धनु राशि में शुक्र का गोचर आपके साहस और प्रयास के भाव में होगा, जिससे भाग्य आपका पूरा साथ देगा। इस दौरान आप अपनी क्षमताओं का बेहतर उपयोग करते हुए धन कमाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति में स्थिरता आएगी।

### मकर राशि

मकर राशि वालों के लिए शुक्र शिक्षा, प्रेम और करियर से जुड़े भावों का स्वामी है। इस गोचर के दौरान आपको यात्राओं के अधिक योग बन सकते हैं और आपका झुकाव आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर बढ़ सकता है। विदेश से जुड़े कामों या नौकरी के अवसर सामने आ सकते हैं, जो आपके करियर लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक होंगे।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि वालों के लिए शुक्र ग्रह भाग्य और सुख से जुड़े भावों का स्वामी है और धनु राशि में इसका गोचर आपके लाभ भाव में होगा। यह समय आपके लिए बेहद शुभ साबित हो सकता है। करियर में पदोन्नति, नई जिम्मेदारियां और अतिरिक्त लाभ मिलने के संकेत हैं। आर्थिक रूप से आप न केवल अच्छी कमाई करेंगे, बल्कि बचत करने में भी सफल रहेंगे। इस अवधि में आय के नए स्रोत बन सकते हैं और लंबे समय से चली आ रही आर्थिक चिंताएं दूर हो सकती हैं।

# नकारात्मक शक्तियों को आकर्षित करती हैं महिलाओं की ये आदतें

शास्त्रों में दिन और रात के हर पहर के अनुसार कार्य करने के नियम बताए गए हैं। माना जाता है कि दिनभर किए गए हमारे कर्म सीधे तौर पर जीवन और भाग्य को प्रभावित करते हैं। इसी कारण अनुचित समय पर गलत कार्य करने से बचने की सलाह दी गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रात के समय कुछ कार्य वर्जित माने जाते हैं, जैसे दही खाना, नाखून या बाल काटना और कपड़े सिलना। ये नियम स्त्री और पुरुष दोनों पर समान रूप से लागू होते हैं। लेकिन कुछ आदतें ऐसी भी हैं, जिनसे विशेष रूप से महिलाओं को रात में सोने से पहले परहेज करना चाहिए।

मान्यता है कि रात में इन कार्यों को करने से नकारात्मक शक्तियां आकर्षित हो सकती हैं और साथ ही धन की देवी मां लक्ष्मी भी अप्रसन्न हो सकती हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि रात के समय महिलाओं को किन कामों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

### खुले बालों में सोना

महिलाओं को रात में बाल खोलकर सोने की सलाह नहीं दी जाती, खासकर जब वे अकेली सो रही हों। ऐसी मान्यता है कि खुले बाल नकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित कर सकते हैं।

### इत्र या परफ्यूम लगाकर सोना



रात के समय इत्र लगाकर बाहर जाना या सोना भी शुभ नहीं माना जाता। मान्यता है कि इसकी सुगंध नकारात्मक शक्तियों को आकर्षित कर सकती है, इसलिए रात में इसका प्रयोग न करें।

### रात में बाल संवारना

कई महिलाएं सोने से पहले कंघी करती हैं, लेकिन शास्त्रों के अनुसार सूर्यास्त के बाद बालों को संवारना वर्जित माना गया है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा कम हो सकती है।

### वाद-विवाद से दूर रहें

रात के समय लड़ाई-झगड़ा या बहस करने से बचना चाहिए। वास्तव में, शाम के बाद ही ऐसे कार्यों से दूरी बना लेनी चाहिए। रात में किया गया विवाद न केवल नींद को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक तनाव और घर में नकारात्मक वातावरण भी बढ़ाता है।



एलेक्स कैरी के तीसरे टेस्ट शतक और उस्मान ख्वाजा की 82 रन की अहम पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए पहले दिन आठ विकेट पर 326 रन बनाए। चार विकेट पर 94 रन की नाजुक स्थिति में उतरे कैरी ने 143 गेंदों में 106 रन बनाकर पारी को संभाला।

# एलेक्स कैरी का शतक; उस्मान ख्वाजा का पचासा



**एडिलेड।** विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के करियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन शुरूआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था। उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है।

इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरूआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अनुभवी बल्लेबाज को उनके 39वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की।

दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं।

### 25.20 करोड़ में बिकने वाले कैमरन ग्रीन महज दो बॉल खेल सके, शून्य पर आउट हुए

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन एशेज के तीसरे टेस्ट में फेल रहे। एडिलेड में बुधवार से शुरू हुए तीसरे मुकाबले की पहली पारी में ग्रीन खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। वह महज दो गेंद खेल सके और जोफ्रा आर्चर ने उन्हें ब्राइडन कार्स के हाथों कैच कराया। हाल ही में आईपीएल 2026 ऑक्शन में 25.20 करोड़ रुपये की भारी कीमत पाने वाले ग्रीन के लिए यह पारी किसी बुरे सपने से कम नहीं रही। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कैमरन ग्रीन को कोई मौका नहीं दिया।

श्रीलंका क्रिकेट ने आर श्रीधर को राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। श्रीधर इससे पहले ये भूमिका भारतीय टीम में भी निभा चुके हैं।

# श्रीलंका ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच श्रीधर को सौंपी कोच की जिम्मेदारी



**कोलंबो।** श्रीलंका ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियां शुरू कर दी है। श्रीलंका क्रिकेट ने इसी के तहत भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। श्रीलंका ने श्रीधर को अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के आखिर तक अपनी राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। श्रीधर 2014 से 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे थे। उन्होंने इस साल की शुरूआत में श्रीलंका के राष्ट्रीय हाई परफार्मेंस सेंटर में 10 दिन का विशेष फील्डिंग शिविर भी आयोजित किया था।

श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के समापन तक श्रीलंका राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में आर श्रीधर की नियुक्ति की घोषणा करता है। बीसीसीआई के लेवल तीन के कोच श्रीधर 2014 से 2021 तक भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम के फील्डिंग कोच रहे और उन्होंने 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी सेवाएं दी। अब वह श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम की फील्डिंग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ काम करेंगे। इसके बाद आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू होगी।

श्रीधर की नियुक्ति 11 दिसंबर से 10 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान श्रीलंका पाकिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और उसके बाद टी20 विश्व कप खेलेगा। भारत और श्रीलंका टी20 विश्व कप के संयुक्त मेजबान हैं। श्रीधर ने कहा, मैं टीम के अंदर ऐसा माहौल तैयार करने की कोशिश करूंगा जिसे खेल भावना, जागरूकता और यह खेल खेलने का गर्व स्वाभाविक रूप से तैयार हो सके। फील्डिंग तभी फलती-फूलती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और वर्तमान क्षण से जुड़ाव महसूस करते हैं।

## बॉन्डी बीच आतंकी हमले के पीड़ितों को खिलाड़ियों ने दी श्रद्धांजलि

**एडिलेड।** एशेज 2025-26 सीरीज के तीसरे टेस्ट के पहले दिन एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने सिडनी के बॉन्डी बीच में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार, 17 दिसंबर को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी पहनकर शोक व्यक्त किया और खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा।

**बॉन्डी बीच आतंकी हमला:** रविवार को बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले में 15 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, दो हमलावरों ने यहूदी समुदाय के लोगों को निशाना बनाया, जो हनुक्का पर्व मना रहे थे। इस भयावह घटना ने पूरे ऑस्ट्रेलिया को झकझोर कर रख दिया। सिडनी, जहां एशेज सीरीज का पांचवां टेस्ट भी खेला जाना है, इस हमले का केंद्र रहा।

**दर्शकों ने भी किया मौन पालन:** श्रद्धांजलि के दौरान खिलाड़ी, मैच अधिकारी और स्टेडियम में मौजूद दर्शक सभी खड़े होकर मौन में शामिल हुए। एडिलेड ओवल में मौजूद हजारों दर्शकों ने भी पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। यह दृश्य क्रिकेट जगत की एकजुटता और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक बना।

### क्रिकेट बोर्डों का संयुक्त बयान

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए संयुक्त बयान जारी किया। बयान में कहा गया, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के सभी लोग बॉन्डी बीच में हुई दुखद घटना से स्तब्ध हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके दोस्तों-परिवारों, यहूदी समुदाय और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ हैं। इस बेहद कठिन समय में हम सभी प्रभावित लोगों के साथ खड़े हैं।'

# 'धोनी का हमेशा आभारी रहूंगा', सीएसके से विदाई पर भावुक हुए मथीशा पथिराना

आईपीएल 2026 ऑक्शन में KKR ने पथिराना को 18 करोड़ रुपये में खरीदा। अब वह कोलकाता के लिए नया अध्याय शुरू करेंगे...

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) को अलविदा कहते हुए एक बेहद भावुक संदेश लिखा है। आईपीएल 2026 ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) से जुड़ने के बाद पथिराना ने सोशल मीडिया पर सीएसके, टीम मैनेजमेंट और खास तौर पर महेंद्र सिंह धोनी के प्रति आभार जताया। 22 वर्षीय पेसर ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, भरोसा और एक परिवार दिया।

### CSK के साथ सफर और उपलब्धियां

पथिराना ने 2022 से 2025 तक सीएसके के लिए खेलते हुए टीम के प्रमुख गेंदबाजों में अपनी पहचान बनाई। चार सीजन में उन्होंने कुल 32 मुकाबले खेले और 47 विकेट अपने नाम किए। आईपीएल 2023 में सीएसके की खिताबी जीत में उनका अहम योगदान रहा, जहां उन्होंने 19 विकेट लिए और औसत 19.53 का रहा। उनकी तेज यॉर्कर और स्लिंग एक्शन ने उन्हें धोनी का भरोसेमंद गेंदबाज बना दिया।

**चोट और उतार-चढ़ाव भरा दौर:** आईपीएल 2024 में पथिराना चोट के कारण सिर्फ छह मैच खेल पाए, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 13 विकेट झटके। हालांकि, पिछला सीजन उनके लिए निराशाजनक रहा, जहां 12 मैचों में 13 विकेट तो मिले, लेकिन वह पहले जैसी निरंतरता नहीं दिखा सके। सीएसके ने आईपीएल 2026 ऑक्शन से पहले उन्हें रिलीज कर दिया और बोली में हिस्सा नहीं लिया।

### धोनी और सीएसके के लिए आभार

इंस्टाग्राम पर साझा किए गए अपने नोट में पथिराना ने लिखा कि धोनी ने हमेशा उन पर भरोसा दिखाया और सही मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, 'एक सपने देखने वाले लड़के से लेकर पीली जर्सी गर्व से पहनने तक का सफर सीएसके ने संभव बनाया। मैं धोनी भाई का हमेशा आभारी रहूंगा, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया।' इसके साथ ही उन्होंने टीम मैनेजमेंट, साथियों और सीएसके के फैंस को भी धन्यवाद दिया।

### KKR के साथ नया अध्याय

आईपीएल 2026 ऑक्शन में केकेआर ने पथिराना को 18 करोड़ रुपये में खरीदा। अब वह कोलकाता के लिए नया अध्याय शुरू करेंगे। पथिराना ने कहा कि चेन्नई हमेशा उनके दिल में खास जगह रखेगा और यह शहर उनके लिए घर जैसा रहेगा। सम्मान, गर्व और कृतज्ञता के साथ वह अब नई टीम के साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

## टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे जो बर्न्स, वेन मैडसेन को बनाया कप्तान




**रोम।** इटली टीम को टी20 विश्व कप से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम को पहली बार इस वैश्विक टूनार्मेंट के लिए क्वालिफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले जो बर्न्स इस टूनार्मेंट में नहीं खेल सकेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज जो बर्न्स भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाली प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उपलब्धता से संबंधित समस्या उनके और इटली क्रिकेट महासंघ के बीच हुए अनुबंध में बाधा बन रही है।

महासंघ ने 36 वर्षीय बर्न्स की जगह वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है। बर्न्स ने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद अनिवार्य कूलिंग ऑफ अवधि पूरी करने के बाद पिछले साल इटली की तरफ से डेब्यू किया था। उन्हें इस साल के शुरू में इटली का कप्तान नियुक्त किया गया था। उनकी कप्तानी में ही इटली क्वालिफिकेशन टूनार्मेंट में खेला था।

महासंघ ने बयान में कहा, पिछले कुछ सप्ताह में उनकी उपलब्धता को लेकर बातचीत में पूर्ण सहमति नहीं बन पाई जिसके कारण उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए। उनके स्थान पर वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया गया है।

न्यूज कॉलम

## सेल्स अधिकारी ने की कुत्तों पर फायरिंग

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक सेल्स अधिकारी आवारा कुत्तों को भगाने के लिए बंदूक से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल वीडियो में सेल्स अधिकारी नवीन कोरी अपने कुछ साथियों के साथ कुत्तों पर फायर करते दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई थी। इस घटना के बाद दर्शना नाम की एक युवती शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। आरोप है कि पुलिस ने अधिकारी के खिलाफ न तो एफआईआर दर्ज की और न ही उसका आवेदन लिया। युवती और उसके परिवार का कहना है कि उन पर दबाव बनाया गया। वहीं दूसरी ओर, द्वारकापुरी पुलिस ने दिनेश सोनगरा की शिकायत पर दर्शना मुछाल, महक मुछाल और उनके परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। शिकायत में कहा गया है कि नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने के दौरान विवाद हुआ और अपशब्द कहे गए। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद अब यह मामला और भी चर्चा में आ गया है।

## मेसर्स भारत फर्टिलाईजर का रजिस्ट्रेशन निलंबित

**इंदौर।** मेसर्स भारत फर्टिलाईजर मंगलेश्वर मार्ग गौतमपुरा रोड देपालपुर द्वारा अनुदानित युरिया की कालाबाजारी करने तथा कृषकों को अधिक मूल्य पर उर्वरक का विक्रय करने सहित अन्य अनियमितताएं पाये जाने पर उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला इंदौर द्वारा इनका रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उप संचालक कृषि सी.एल. केवडा ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में सघन गुण नियंत्रण अभियान अंतर्गत मेसर्स भारत फर्टिलाईजर मंगलेश्वर मार्ग गौतमपुरा रोड देपालपुर का उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड देपालपुर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार मेसर्स भारत फर्टिलाईजर द्वारा अनुदानित युरिया की कालाबाजारी की जाकर कृषकों को अधिक मूल्य पर उर्वरक का विक्रय किया जा रहा था तथा बिल बुक का संधारण विधिवत नहीं पाया गया। विक्रय स्थल पर उर्वरक के स्कंध का सूचना पटल पर उल्लेख नहीं पाया गया एवं विक्रय स्थल पर मूल्य सूची विधिवत नहीं पाई गई। जो कि उर्वरक (अकार्बनिक, कर्बानिक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लघंन होने से मेसर्स भारत फर्टिलाईजर मंगलेश्वर मार्ग गौतमपुरा रोड देपालपुर जिला इंदौर को प्रदाय उर्वरक प्राधिकार पत्र-2249 (रजिस्ट्रेशन नंबर-फ्र/439/1401/70/2023) को अधिसूचित प्राधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला इंदौर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## सीएम ने बैठक से पहले मंत्रीगण को किया संबोधित

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुना जिले के म्याना रेलवे स्टेशन को सम्मानित किया है। म्याना स्टेशन को 9687 यूनिट विद्युत ऊर्जा की बचत के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि म्याना रेलवे स्टेशन का बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिट के रूप में सम्मानित होना, प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बैतूल जिले के शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि भरेवा धातु शिल्प को जी.आई. टैग प्राप्त हुआ।

## हितग्राहियों को 6 करोड़ 40 लाख का मिला संबल

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार हर उस जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, जो इसके वास्तविक हकदार हैं। हमारी सरकार गरीब, लाचार, श्रमिक, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों को स्नेह, अपनत्व, स्वावलंबन और आर्थिक सहायता का संबल देती रहेगी। प्रदेश की जनता के सुख-दुःख में सरकार हमेशा साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण (सम्बल 2.0) योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 55 जिलों के 7227 सम्बल हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। जिसमें इंदौर जिले के 293 श्रमिक हितग्राही शामिल हैं, जिन्हें 6 करोड़ 40 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना के प्रारंभ वर्ष 2018 से लेकर अब तक 7.76 लाख प्रकरणों में 7383 करोड़ रुपए की सहायता राशि जरूरतमंद हितग्राहियों को दी जा चुकी है।

# हमारे शिक्षक एप्प पर ई-अटेन्डेंस दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों का वेतन आहरित नहीं किया जाये

### जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इन्दौर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान (कक्षा 1-8) तक संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत कार्यालय में सम्पन्न हुयी। समीक्षा बैठक में जिला परियोजना समन्वयक, समस्त सहायक परियोजना समन्वयक, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक, जनशिक्षक, उपयंत्री, लेखापाल एवं एम.आई.एस. को-ऑडिनेटर उपस्थित थे। बैठक में



विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुरूप विभिन्न पोर्टलों पर प्रविष्ठि एवं भौतिक रूप से क्रियान्वयन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु चाईल्ड ट्रेकिंग एप्प के माध्यम से विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा सर्वे कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शाला त्यागी बच्चों को विद्यालयों में स्पॉट एडमिशन कराया गया। सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि सभी स्पॉट एडमिशन के बच्चों को आगामी दो दिवस में एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर मैप किया जाये।

जिला स्तरीय अमले /विकासखण्ड स्तरीय अमले / जनशिक्षकों को सतत मॉनिटरिंग के समय शालाओं में अकादमिक स्तर एवं समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार हेतु निर्देश दिए गए। शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में संचालित एफ.एल.एन. की गतिविधियों पर जोर देते हुए सभी को लक्ष्य के अनुरूप मॉनीटरिंग किए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैन द्वारा प्रदेश में इन्दौर जिले में शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप्प के माध्यम से अत्यन्त न्यून होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। ई-अटेन्डेंस के संबंध में कोई तकनीकी समस्या नहीं होने पर भी उपस्थिति कम दर्ज होने पर शिक्षा विभाग के समस्त लोक सेवकों को हमारे शिक्षक एप्प के माध्यम से अनिवार्य रूप से ई-अटेन्डेंस दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को हमारे शिक्षक पर दर्ज उपस्थिति के माध्यम से ही वेतन आहरित किए जाने हेतु आदेशित किया गया।

## घरेलू गैस के गलत भंडारण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने पिछले दिनों अवैध तरीके से पटाखा व्यवसाय, घरेलू गैस के साथ ज्वलंत शील पदार्थ को लेकर शहर और ग्रामीण दोनों जगह कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन पर एसडीएम सांवेर घनश्याम धनगर ने दो जगह के अवैध साम्राज्य ध्वस्त किए। सबसे पहले अवैध पटाखे की दुकान जिसमें सोमवार को आग लग गई थी। उसी की जाँच की गई। उक्त गोडाउन सरकारी भूमि पर बना था। इस स्थान से लगभग 10 हजार वर्ग फीट जमीन पर कब्जा हटाया गया। इसका संचालन राकेश अग्रवाल नामक व्यक्ति कर रहा था। प्रशासन अब इस पर एफआईआर कर जमकर सबक भी सिखाएगा। इसी क्रम में घरेलू गैस टंकियों के अवैध भंडारण पर प्रशासन ने अपना चाबुक चलाया। धरमपुरी में अवैध रूप से गैस टंकी का भंडारण करने पर दो स्थानों पर कार्यवाही की गई। एक स्थान से 30 व दूसरे स्थान से 22 टंकी जब्त की गई।

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

किराये से देना है
माधवपुर मक्सी रोड पर 1500 स्क्वेयर फीट का गोदाम किराये से देना है।
1500 स्क्वेयर फीट की सुविधा अलग से है।
8519054456

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

Hippo BIGG BOSS Capsule
NO SIDE EFFECT
For Enquiry : 9244262582
2 कैप्सूल रात को गरम दूध के साथ
लम्बे आनंद भरे पलों के लिए
आयुर्वेदिक, केवल पुरुषों के लिए

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अवन्तिका वर्गीकृत
10 दिन 1000/-
20 दिन 1500/-
1 माह 2000/-
- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

इन्दौर क्लिनिक
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800
शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

प्लाट बेचना है
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108
ब्रजलाल रांका

अंदाजा लगाईए
...हमारे पास आपके लिए क्या है खास..!
पढ़ते रहिए...
दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र सबकी खबर

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com